www.navpradesh.com

दैनिक **नवप्रदेश** — प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | देश-विदेश

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, बुधवार 22 जून 2022, शुक्ल पक्ष अष्टमी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-08 अंक-70 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

वक्त से साथ चलना कोई ज़रूरी नही, सच के साथ चलिए एक दिन वक्त आपके साथ चलेगा।

आज बेबाक

अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर जब पूरा राष्ट्र योगासन करने में व्यस्त था तब महाराष्ट्र में गजब तमाशा हो गया। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे मूकदर्शकासन ही करते रहे और उनकी पार्टी के प्रवक्ता संजय राउत के बड़बोलासन के कारण पार्टी की वाट लग गई।
महाअघाड़ी सरकार के कैबिनेट मंत्री एकनाथ शिंदे अनेक मंत्रियों और विधायकों को ले उड़े और गुजरात पहुंचकर हठासन पर बैठ गए। महा अघाड़ी सरकार में शामिल कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता आपातासन करने पर मजबूर हो गए है।
अगर बागी विधायक शीर्षासन नहीं करते है तो जाहिर है कि शिव सेना को अब शवासन करना पड़ेगा।

सूर्योदय

उदय : 5.24 प्रात:

अस्त : 7.21 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,955,403,490

भारत: 1,407,233,450

बाजार

सेंसेक्स : 52532.07

निफ्टी: 15638.80

गोल्ड : 51,980 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 61,000 प्रति किग्रा

अण्डा दर: 5.09 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	32.4	22.6
बिलासपुर	33.6	25.2
जगदलपुर	28.1	31.6
अंबिकापुर	31.6	21.0

आज का दिवस

विश्व वर्षावन दिवस: वर्षावन पृथ्वी के फेफड़े के रूप में कार्य करते हैं और इन्हीं वर्षावनों की सुरक्षा से जुड़ी समस्याओं को उठाने और लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल, 22 जून को विश्व वर्षावन दिवस यानी वर्ल्ड रेनफॉरेस्ट डे मनाया जाता है। पृथ्वी से तेजी से वर्षावन का दोहन हो रहा है। जिसे रोकना बहुत जरूरी है, अन्यथा ये विलुप्त हो जाएंगे और ऐसे में पृथ्वी पर पर्यावरणीय संकट आ सकता है। वर्षावन कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं, जलवायु परिवर्तन को स्थिर करते हैं, और दुनिया की आधी पशु प्रजातियों और पौधों के घर हैं। इस दिवस के आयोजकों का मानना है कि हर मिनट 40 फुटबॉल मैदानों का आकार जितना वर्षावन को नुकसान होता है। इसके अलावा वनों की कटाई की वर्तमान दर के अनुसार अनुमान लगाया गया है कि 2050 तक 28,000 प्रजातियां विलुप्त हो जाएंगी। इस प्रकार, विश्व वर्षा वन दिवस हमारे जीवन में इसके महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। वर्ल्ड रेनफॉरेस्ट डे कीमती प्राकृतिक संसाधन का संरक्षण और इसे संरक्षित करने के लिए नियमों को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है।

8वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस : पूरे प्रदेश में जिला स्तर पर करवाए समारोह में लाखों लोगों ने सीखी योग क्रियाएं

पीएम मोदी ने मैसूर तो मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दिल्ली में किया योगा

रायपुर/नवप्रदेश। पूरी दुनिया में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस बार योग दिवस का आयोजन 'मानवता के लिए योग' थीम पर किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक के मैसूर पैलेस मैदान में सामूहिक योग कार्यक्रम में करीब 15 हजार लोगों के साथ योग किया और कहा कि 'हम कितने तनावपूर्ण माहौल में क्यों न हों, कुछ मिनट का ध्यान हमें शांत कर देता है,योग हमारी उत्पादकता को बढ़ा देता है।' वहीं छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल ने नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ सदन में योग किया। उन्होंने लोगों से योग को अपने दिनचर्या में अनिवार्य रूप से शामिल करने की अपील की। 8वां अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस पूरे प्रदेश में मंत्रियों व निगम ■ शेष पृष्ठ 6 पर

योग हमारे ब्रह्मांड में शांति लाता है : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वर्ष यहां के ऐतिहासिक मैसूर पैलेस में आयोजित आठवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि योग से सिर्फ किसी इंसान को ही शांति का अनुभव नहीं होता है, बल्कि योग ब्रह्मांड में शांति लेकर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

योग मनुष्य की शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक ऊर्जा बढ़ाता है : सीएम

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आठवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ सदन में प्रातः योग की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों को योग दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए लोगों से योग को अपने दिनचर्या में अनिवार्य रूप से शामिल करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है और मन की एकाग्रता बढ़ती है। अपने संदेश में कहा है कि जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है स्वस्थ रहना। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राहुल से ईडी की पूछताछ, समर्थन में कांग्रेस का 5वें दिन भी प्रदर्शन

- **छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश को दिल्ली पुलिस ने धरने से हटाया, केंद्र पर बरसे मुख्यमंत्री**

नई दिल्ली/रायपुर। नेशनल हेराल्ड केस में मंगलवार को श्रष्ठ की राहुल गांधी से पांचवें दिन भी पूछताछ जारी है। राहुल गांधी पर ईडी की कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पार्टी मुख्यालय से पैदल मार्च निकाला। पार्टी नेता नारेबाजी करते हुए जंतर-मंतर जा रहे थे, लेकिन कुछ दूरी पर ही पुलिस ने बैरिकेड लगाकर उन्हें रोक लिया। कार्यकर्ता वहां खड़े होकर नारेबाजी करने लगे। कुछ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

टीएस व मरकाम समेत कई गिरफ्तार

दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय से ईडी कार्यालय की ओर प्रदर्शन करने जा रहे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पुलिस ने रोक लिया। मुख्यमंत्री सड़क पर बैठकर धरना देने लगे तो उन्हें वहां से उठाकर वापस भेज दिया गया। वहीं से स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष मोहन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जो राहुल का साथ दे रहे, उन्हें परेशान किया जा रहा : भूपेश

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि राहुल जी देश के लोगों का साथ दे रहे, इसलिए उन्हें परेशान किया जा रहा है। जो लोग राहुल जी का साथ दे रहे हैं, उन्हें भी परेशान किया जा रहा है। राजस्थान में अशोक गहलोत के भाई के यहां सीबीआई भेजी गयी, अब छत्तीसगढ़ में भी फोन टेपिंग की जानकारी मिल रही है, लेकिन हम डरने वाले नहीं।

नहीं बदलेगी रिक्रूटमेंट प्रक्रिया, अवॉर्ड भी मिलेगा

नई दिल्ली (ए.)। अग्निपथ स्कीम को लेकर चल रहे देशव्यापी विरोध के बीच रक्षा मंत्रालय ने आज फिर प्रेस कांफ्रेंस की। इस दौरान इसकी भर्ती प्रक्रिया और अन्य चीजों से जुड़े कई कंफ्यूजंस क्लियर किए गए। रक्षा मंत्रालय की तरफ से बताया गया कि रिक्रूटमेंट प्रक्रिया में किसी तरह का कोई बदलाव नहीं किया गया है। अग्निवीरों को यह शपथपत्र देना होगा कि वह किसी तरह के प्रदर्शन या आंदोलन में शामिल नहीं रहे हैं। इसमें कोई नई बात नहीं है। यह पहले भी होता रहा है। इस मौके पर एयरमार्शल एसके झा ने कहा कि एयरफोर्स में अब केवल अग्निवीर वायु के जरिए ही भर्ती होगी।

देशभक्ति का जज्बा है फौज में काम करना

लेफ्टिनेंट जनरल अनिल पुरी ने कहा कि अग्निपथ योजना से तीन चीजें बैलेंस होंगी। पहली, इससे आर्म्ड फोर्सेज में यूथफुल प्रोफाइल जुड़ेंगे। दूसरे टेक्निकल सेवी और हालात को तेजी से अडॉप्ट करने में सक्षम लोग आर्मी से जुड़ेंगे और तीसरी बात इससे अग्निवीर भविष्य के लिए तैयार होंगे। उन्होंने कहा कि बोर्ड ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अफसरों ने दिए अग्निवीर पर अहम सवालों के जवाब

मर्चेंट नेवी में जा सकेंगे अग्निवीर

इस दौरान वायुसेना की तरफसे कहा गया कि मिनिस्ट्री ऑफशिपिंग और डीजी शिपिंग के साथ कई महीनों से बात चल रही थी। इसके तहत ऑर्डर जारी किया गया है, जो केवल अग्निवीरों के लिए है। इसके तहत अग्निवीर मर्चेंट नेवी में जा सकते हैं। इसके अलावा एक अन्य आदेश जारी किया गया है। इसके तहत भारतीय नौसेना और डीजी शिपिंग साथ काम करेंगे। अब अग्निवीर ही नहीं, अन्य नौसैनिक और सेलर्स भी मर्चेंट नेवी में जा सकेंगे। उन्होंने कहाकि अग्निवीरों को ऐसी ट्रेनिंग कराएंगे कि वो पूरी तरह से फ्यूचर रेडी हो जाएंगे। उसे समुद्र में ट्रेनिंग दी जाएगी। आगे चलकर वह पूरी तरह से सक्षम होगा।

गुजरात में 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' के निकट 3.1 तीव्रता का भूकंप, कोई हताहत नहीं

अहमदाबाद (ए.)। गुजरात में नर्मदा जिले के केवडिया गांव के पास 3.1 तीव्रता का भूकंप आया। 182 मीटर ऊंचा 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' भी केवड़िया गांव के पास स्थित है। इस दौरान जान-माल का नुकसान होने की कोई सूचना नहीं मिली है।

अधिकारियों ने मंगलवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि भूकंप के झटके सोमवार रात महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र केवडिया से 12 किलोमीटर पूर्व-दक्षिण पूर्व में था।

स्मारक के जनसंपर्क अधिकारी राहुल पटेल ने बताया कि भूकंप के झटकों से 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' को कोई नुकसान नहीं हुआ है। इसे इस तरह से बनाया गया है कि शक्तिशाली भूकंप और चक्रवात से भी इसे नुकसान नहीं हो।

सुरक्षाबलों ने चार आतंकवादियों को किया ढेर

श्रीनगर (वार्ता)। कश्मीर घाटी में मंगलवार को दो अलग-अलग आतंकवाद विरोधी अभियानों में सुरक्षा बलों ने चार आतंकवादियों को मार गिराया , जिनमें सब इंस्पेक्टर (एसआई) फारूक मीर का हत्यारा भी शामिल है। संबंधित अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि कश्मीर में पुलवामा जिले के तुज्जन इलाके में हुई मुठभेड़ में आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के दो आतंकवादी मारे गए हैं, जिनमें माजिद नजीर नाम का आतंकवादी भी शामिल है,

जिसे सब इंस्पेक्टर (एसआई) फारूक मीर का हत्यारा माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर के अवंतीपोरा से 18 जून को पुलिस उप निरीक्षक (एसआई) फारूक मीर का गोलियों से छलनी शव की बरामदगी हुई थी। जम्मू-कश्मीर पुलिस के सब-इंस्पेक्टर मीर का शव धान ■ शेष पृष्ठ 6 पर

धर्म परिवर्तन कर चुके लोगों को एसटी आरक्षण की लिस्ट से किया जाएगा बाहर

- **आरएसएस से जुड़े संगठन की मांग**

भोपाल। देश में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की सही संख्या पता करने के लिए राष्ट्रव्यापी जनगणना होनी है। इससे पहले आरएसएस से जुड़े जाति सुरक्षा मंच ने अनुसूचित जनजाति (एसटी) से धर्मांतरण करने वाले आदिवासियों को सूची से हटाने की मांग की है। इस सूची के लोगों को नौकरियों, शिक्षा और विधायी निकायों में आरक्षण मिलता है।

भोपाल स्थित संगठन ने दावा किया कि उसने अपनी मांग के समर्थन में देश के 170 जनजातीय बहुल जिलों में रैलियां आयोजित की हैं और विभिन्न दलों के 550 सांसद इसके समर्थन में हैं। मोर्चा के वरिष्ठ पदाधिकारी शरद चव्हाण ने कहा, एसटी समुदाय के जो लोग धर्म परिवर्तन कर चुके हैं उन्हें आरक्षण या अन्य लाभ नहीं मिलने चाहिए, क्योंकि वे जनजातीय लोगों के लिए हैं। उनसे ऐसे सभी फायदे वापस ले लेने चाहिए।

इथियोपिया में भयंकर गोलीबारी में 320 लोगों की मौत

- **हमले के पीछे ओरोमो लिबरेशन आर्मी का हाथ**

नई दिल्ली। इथियोपिया के पश्चिमी ओरोमिया क्षेत्र में बंदूकधारियों के हमले में संदिग्ध मौत का आंकड़ा बढ़ गया है। नए गवाहों की गवाही से पता चलता है कि 18 जून को करीब 320 लोग मारे गए थे। इथियोपिया में इसे अब तक से सबसे बड़े नरसंहारों में से बताया जा रहा है। इस बात का कोई संकेत नहीं मिला है कि हमला टिगरे के उत्तरी क्षेत्र में एक संघर्ष से जुड़ा था जो नवंबर 2020 में

शुरू हुआ था और इसके कारण अब तक हजारों लोगों की मौत हुई है। घटना का वर्णन करने वाले दो लोगों के मुताबिक पीड़ित जातीय अम्हार थे, जो इस क्षेत्र में अल्पसंख्यक थे।

इथियोपिया के पीएम ने हमले को बताया भयानक कृत्य: इथियोपिया के पीएम अबी अहमद ने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पाकिस्तान से भी जुड़े सिद्धू मूसेवाला मर्डर के तार

- **शूटरों को सीमा पार से भेजे गए थे हथियार**

नई दिल्ली। पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में एक बड़ा खुलासा हुआ है। इस हाई प्रोफाइल हत्याकांड के तार कनाडा के बाद अब पाकिस्तान से भी जुड़ते दिख रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को आरोपियों से पूछताछ में यह जानकारी मिली है कि मूसेवाला की हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियार उन्हें सीमा पार से सप्लाई किए गए थे।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मूसेवाला की हत्या के मामले में दो शूटरों समेत तीन लोगों को हाल ही में गुजरात के कच्छ से गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान हरियाणा के सोनीपत निवासी प्रियव्रत उर्फ फौजी (26), राज्य के झज्जर जिले के कशिश (24) और पंजाब के भटिंडा निवासी केशव कुमार (29) के रूप में हुई है।

सांगली मास सूइसाइड, परिवार के नौ सदस्यों को खुदकुशी के लिए उकसाने के आरोप में 13 गिरफ्तार

पुणे(ए.)। महाराष्ट्र के सांगली में सोमवार को दिल दहलाने वाली घटना सामने आई थी। यहां एक ही परिवार के नौ सदस्यों ने एक साथ आत्महत्या कर ली। पुलिस ने महाराष्ट्र के सांगली जिले में एक परिवार के नौ सदस्यों को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि सांगली जिले के म्हैसाल गांव में दो भाइयों सहित परिवार के कुल नौ लोग सोमवार को दो मकानों में मृत पाए गए थे। दोनों भाइयों में एक शिक्षक था जबकि दूसरा भाई पशु चिकित्सक था। उन्होंने बताया कि राजधानी मुंबई से करीब 350 किलोमीटर दूर स्थित गांव में दोनों भाइयों के मकानों में 'सूसाइड नोट' भी मिले हैं। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच से पता चला है कि दोनों भाइयों ने कई लोगों से काफी पैसा उधार लिया था।

सांगली के पुलिस अधीक्षक दीक्षित गेदाम ने संवाददाताओं को बताया, 'सूसाइड नोट यह दिखाता है कि परिवार ने कुछ लोगों से धन उधार लिया था और उसे लौटाने में उन्हें मुश्किलें आ रही थीं।' अधिकारी ने कहा, 'उन्हें इस वजह से परेशान किया जा रहा था और इसी के चलते उन्होंने यह कदम उठाया है।' उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि उन्होंने किसी कारोबार के लिए पैसा उधार लिया था। पुलिस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

राष्ट्रपति चुनाव... भाजपा ने भी राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार तय करने के लिए संसदीय बोर्ड की बैठक बुलाई थी

यशवंत सिन्हा होंगे राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार, कांग्रेस ने भी किया समर्थन

नई दिल्ली (वार्ता)। राष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के उम्मीदवार के तौर पर पूर्व टीएमसी नेता यशवंत सिन्हा के नाम पर मुहर लग गई है। एनसीपी नेता शरद पवार कि अध्यक्षता में विपक्षी दलों की मीटिंग में यह फैसला लिया गया है। इस बैठक में यशवंत सिन्हा भी मौजूद थे। इससे पहले विपक्ष ने जिन तीन नामों को आगे किया था उन्होंने उम्मीदवार बनने से इनकार कर दिया था। इनमें शरद पावर, फारूक अब्दुल्ला और गोपालकृष्ण गांधी का नाम शामिल था। यशवंत सिन्हा ने पहले ही पार्टी से इस्तीफे की पेशकश की थी।

उन्होंने कहा था कि समय आ गया है कि अब वह एक बड़े राष्ट्रीय उद्देश्य के लिए पार्टी से हटकर विपक्षी एकता के लिए काम करें।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि हम सभी विपक्षी दलों ने मिलकर फैसला किया है कि राष्ट्रपति चुनाव में यशवंत सिन्हा हमारे उम्मीदवार होंगे। रमेश ने कहा कि यशवंत सिन्हा एक योग्य प्रत्याशी हैं। वह भारत की धर्मनिरपेक्षता और लोकतांत्रिक तानेबाने को मानते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हमें दुख है कि मोदी सरकार राष्ट्रपति उम्मीदवार पर एक राय बनाने के लिए गंभीर चर्चा नहीं कर सकी। बता दें कि उनके राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनने की चर्चा तभी से शुरू हो गई थी जब उन्होंने ममता बनर्जी को धन्यवाद देते हुए पार्टी छोड़ने का फैसला कर लिया।

आज भाजपा ने भी राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार तय करने के लिए संसदीय बोर्ड की बैठक बुलाई थी। हालांकि अभी कोई नाम सामने नहीं आया है। इससे पहले एनडीए की तरफ से राष्ट्रपति पद पर एक राय बनाने के लिए राजनाथ सिंह और जेपी नड्डा को विपक्ष से बातचीत करने की जिम्मेदारी दी गई थी। हालांकि सत्ता और विपक्ष में इस पर एक राय नहीं बन पाई।

सरकार पर संकट देख कांग्रेस ऐक्टिव

- **सभी विधायकों को मुंबई बुलाया; कमलनाथ बने पर्यवेक्षक**

नई दिल्ली (ए.)। महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी गठबंधन की सरकार पर संकट देख कांग्रेस भी सक्रिय हो गई है। प्रदेश में जारी सियासी उठापटक के बीच कांग्रेस ने कमलनाथ को यहां पर पर्यवेक्षक की भूमिका सौंपी है। कमलनाथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रह चुके हैं। इसके अलावा कांग्रेस ने अपने सभी विधायकों को मुंबई में रहने के लिए फरमान जारी कर दिया है।

सियासी संकट में एकता का संकेत देने की कोशिश: गौरतलब है कि शिवसेना के नेता और उद्धव सरकार में मंत्री रहे एकनाथ शिंदे के बगावती तेवर के बाद महाराष्ट्र में सरकार अचानक से संकट में आ गई है। शिंदे कई अन्य विधायकों के साथ गुजरात के एक होटल में हैं। इसके बाद से ही महाराष्ट्र में सियासी गतिविधियां तेज हो गई हैं। इस सियासी संकट के बीच कमलनाथ को ऑब्जर्वर बनाकर कांग्रेस ने संकेत दिया है कि वह गठबंधन के साथ है। वहीं एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने भी कहा है कि वह इन हालात में उद्धव ठाकरे के साथ हैं।

संपादकीय

महाराष्ट्र में सियासी संकट

महाराष्ट्र में शिवसेना के नेतृत्व वाली महाअघाड़ी सरकार संकटं में घिर गई है। शिवसेना के विधायकों ने पार्टी के खिलाफ बगावत का बिगुल फूंक दिया है। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के विश्वस्त सहयोगी रहे एकनाथ शिंदे जो महाराष्ट्र सरकार में लोक निर्माण मंत्री है वे लगभग तीस विधायकों को लेकर गुजरात कूच कर चुके है। जहां सूरत के एक पांच सितारा होटल में इन बागी विधायकों ने डेरा डाल रखा है। बताया जाता है कि एकनाथ शिंदे के साथ ही कुछ मंत्री और दो दर्जन विधायक मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की कार्यप्रणाली से नाराज चल रहे है। इनका कहना है कि शिवसेना हिंदुत्व के एजेंडे को सत्ता के लिए ताक पर रख चुकी है। इसलिए उन्होने अब पार्टी के खिलाफ बगावत कर दी है। एकनाथ शिंदे ने ट्वीट किया है कि वे और उनके साथी विधायक बाल साहब ठाकरे के हिन्दुत्व वाले एजेंडे को सत्ता के लिए दरकिनार नहीं कर सकते। इसी से स्पष्ट है कि शिवसेना में अब दरार पड़ चुकी है। हालांकि मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे अभी भी इस उम्मीद से है कि नाराज विधायकों को मनाने में वे सफल हो जाएंगे। इसके लिए उन्हाने मध्यस्त के रूप में शिवसेना के दो नेताओं को गुजरात भेजा है जो एकनाथ शिंदे से चर्चा कर के उनकी नराजगी को दूर करने का प्रयास करेंगे। इसमें शिवसेना को कितनी सफलता मिलती है यह तो आने वाला वक्त ही बेहतर बताएगा लेकिन फिलहाल तो स्थिति यह है कि बात बहुत बिगड़ चुकी है और इन बागी विधायको का शिवसेना में वापस आना मुश्किल लग रहा है। शिवसेना ने एकनाथ शिंदे को विधायक दल के नेता के पद से भी हटा दिया है। इसके बाद तो शिवसेना का दो फाड़ होना तय लग रहा है। महाराष्ट्र में आए इस सियासी संकट से निपटने के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सुप्रीमो शरद पवार दिल्ली से मुंबई रवाना हो गए है वे संकट मोचक की भूमिका निभाने में कितने सफल हो पाएंगे यह कह पाना भी मुहाल है। इधर शिवसेना प्रवक्त संजय राउत ने महाराष्ट्र में पैदा हुए सियासी संकट का ठीकरा भाजपा के सिर पर फोड़ा है। उनका अरोप है कि भाजपा ने महाअघाड़ी सरकार को गिराने का षड़यंत्र रचा है जो सफल नहीं होगा। संजय राउत ने दावा किया है कि सभी बागी विधायक पार्टी में लौट आएंगे और महाअघाड़ी सरकार हर हाल में अपने पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी। उनके इस दावे में भी कितना दम है यह देखना दिलचस्प होगा।

कविता

सैन्यपथ बन गया अग्निपथ !

जैसा कि मैंने परसों लिखा था, अग्निपथ योजना के विरुद्ध चला आंदोलन पिछले सभी आंदोलन से भयंकर सिद्ध होगा। वही अब सारे देश में हो रहा है। पहले उत्तर भारत के कुछ शहरों में हुए प्रदर्शनों में नौजवानों ने थोड़ी-बहुत तोड़-फोड़ की थी लेकिन अब पिछले दो दिनों में हम जो दृश्य देख रहे हैं, वैसे भयानक दृश्य मेरी याददाश्त में पहले कभी नहीं देखे गए। दर्जनों रेलगाड़ियों, स्टेशनों और पेट्रोल पंपों में आग लगा दी गई, कई बाजार लूट लिये गए, कई कारों, बसों और अन्य वाहनों को जला दिया गया और घरों व सरकारी दफ्तरों को भी नहीं छोड़ा गया। अभी तक पुलिस इन प्रदर्शनकारियों का मुकाबला बंदूकों से नहीं कर रही है लेकिन यही हिंसा विकराल होती गई तो पुलिस ही नहीं, सेना को भी बुलाना पड़ जाएगा। कोई आश्चर्य नहीं कि अगर सरकार का पारा गर्म हो गया तो भारत में चीन के त्येन आन मान स्क्वेयर की तरह भयंकर हत्याकांड शुरु हो सकता है। मुझे विश्वास है कि मोदी सरकार इस तरह का कोई बर्बर और हिंसक कदम नहीं उठाएगी। ऐसा कदम उठाते समय हो सकता है कि छात्रों और नौजवानों को भड़काने का दोष विपक्षी नेताओं के मत्थे मढ़ा जाए लेकिन मैं पहले ही कह चुका हूं कि नौजवानों का यह आंदोलन स्वतः स्फूर्त है। इसका कोई नेता नहीं है। यह किसी के उकसाने पर शुरु नहीं हुआ है। यह अलग बात है कि विरोधी दल अब इस आंदोलन का फायदा उठाने के लिए इसका डटकर समर्थन करने लगें, जैसा कि उन्होंने करना शुरु कर दिया है। इस आंदोलन से डरकर सरकार ने कई नई रियायतों की घोषणाएं जरुर की हैं और वे अच्छी हैं। रक्षामंत्री राजनाथसिंह का रवैया काफी रचनात्मक है और भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय ने तो यहां तक कह दिया है कि चार साल तक फौज में रहनेवाले जवान को वे अपने दफ्तर में सबसे पहले मौका देंगे। चार साल का फौजी अनुभव रखनवाले जवानों को कहीं भी उपयुक्त रोजगार मिलना ज्यादा आसान होगा। इसके अलावा इस अग्निपथ योजना का लक्ष्य भारतीय सेना को आधुनिक और शक्तिशाली बनाना है और पेंशन पर खर्च होनेवाले पैसे को बचाकर उसे आधुनिक शास्त्रास्त्रों की खरीद में लगाना है। अमेरिका, इस्राइल तथा कई अन्य शक्तिशाली देशों में भी कमोबेश इसी प्रणाली को लागू किया जा रहा है लेकिन मोदी सरकार की यह स्थायी कमजोरी बन गई है कि वह कोई भी बड़ा देशहितकारी कदम उठाने के पहले उससे सीधे प्रभावित होनेवाले लोगों की प्रतिक्रिया जानने की कोशिश नहीं करती। जो गलती उसने भूमि अधिग्रहण अध्यादेश लाने, नोटबंदी करने और नागरिकता कानून लागू करते वक्त की वही गलती उसने अग्निपथ पर चलने की कर दी! यह सैन्य-पथ स्वयं सरकार का अग्निपथ बन गया है। अब वह भावी फौजियों के लिए कितनी ही रियायतें घोषित करती रहे, इस आंदोलन के रूकने के आसार दिखाई नहीं पड़ते। यह अत्यंत दुखद है कि जो नौजवान फौज में अपने लिए लंबी नौकरी चाहते हैं, उनके व्यवहार में आज हम घोर अनुशासनहीनता और अराजकता देख रहे हैं। क्या ये लोग फौज में भर्ती होकर भारत के लिए यश अर्जित कर सकेंगे? सच्चाई तो यह है कि हमारी सरकार और ये नौजवान, दोनों ही अपनी-अपनी मर्यादा का पालन नहीं कर रहे हैं।

अग्निपथ योजना को लेकर राजनीति ठीक नहीं

राजेश माहेश्वरी

आंकड़ों के मुताबिक भारतीय सेना में औसत आयु 32 वर्ष है जबकि दुनिया के प्रमुख देशों ने इसे घटाकर 26 वर्ष कर लिया है। ऐसे में अग्निपथ योजना को लेकर खड़ा किया गया विरोध गलत अवधारणाओं और दुष्प्रचार पर आधारित लगता है। आंकड़ों के आलोक में बात की जाए तो लगभग 13 हजार जवान प्रतिवर्ष सेवा निवृत्त हो जाते हैं या नौकरी छोड़ देते हैं। जिन सुधारों का जमकर, कट्टर विरोध किया गया था, आज वे सभी हमारी व्यवस्था के बुनियादी ढांचे हैं। क्या आज कम्प्यूटर के बिना हम रोजमर्रा के कामों की भी कल्पना कर सकते हैं? आपका मोबाइल फोन ही ठप हो जाएगा। आपको नौकरी ही नसीब नहीं होगी। आप डिजिटल लेन-देन में असहाय महसूस करेंगे। इसी तरह 'अग्निपथ' के जरिए सैन्य सुधार धीरे-धीरे स्पष्ट हो रहे हैं। भारत सरकार लगातार संशोधन कर रही है। सरकार द्वारा योजना वापिस न लिए जाने की घोषणा से एक बात तो साफ हो गई कि वह और सेना दोनों अग्निपथ को लेकर संकल्पित हैं और उन्हें ये विश्वास है कि ये योजना सेना और अग्निवीर दोनों के लिए फायदेमंद साबित होगी।

सेना में भर्ती के लिए घोषित अग्निपथ योजना का देश के कई हिस्सों में विरोध हो रहा है। युवाओं ने सड़कों पर उतरकर हिंसक प्रदर्शन किया। सबसे ज्यादा विरोध बिहार में देखने को मिला है। जहां आंदोलनकारियों ने सरकारी संपत्ति को काफी नुकसान पहुंचाया। युवाओं के मन में इस योजना को लेकर कई सवाल है। सरकार और सेना विभिन्न मंचों और माध्यमों से युवकों के सवालों और आंशकाओं का जवाब दे रही है, लेकिन जिस तरह से इस मामले में राजनीति हो रही है वह मामले के समाधान के बजाय समस्या की गंभीरता को बढ़ा रही है। कांग्रेस समेत विपक्ष के कई दल इस योजना के विरोध में हैं। इन दलों के नेता अपने भाषणों, बयानों और सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं को भ्रमित तो कर ही रहे हैं। वहीं इनके बयान युवाओं को भड़काने का काम भी कर रहे हैं। ये योजना देश के भविष्य यानी युवाओं से जुड़ी है। ऐसे में युवाओं से जुड़े किसी मसले पर राजनीतिक दलों का इस प्रकार का अगंभीर आचरण बड़ी चिंता की वजह है।

सेना प्रमुख से लेकर तमाम जिम्मेदारी अधिकारियों ने इस योजना को लेकर उपजी आशंकओं को शांत करने की भरसक कोशिश की है। और ये कोशिश लगातार जारी है। इसके साथ ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अलावा तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने संयुक्त रूप से ये ऐलान कर दिया कि अग्निपथ योजना को वापिस नहीं लिया जाएगा। दूसरी तरफ सेना के सभी अंगों को इस योजना के अंतर्गत भर्ती की प्रक्रिया तत्काल शुरु करने के निर्देश भी मंत्रालय ने जारी कर दिए हैं। भारतीय वायु सेना ने तो इस योजना के तहत भर्ती की प्रक्रिया को शुरू कर दिया है।

इस पूरे मामले में सरकार की आलोचना करते-करते कुछ नेताओं ने सेनाध्यक्षों पर भी जिस तरह की टिप्पणियां कीं वे निश्चित तौर पर उस मर्यादा का उल्लंघन है जिसके अंतर्गत सेना को राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से परे रखा जाता है। इस योजना के बारे में प्रारम्भिक तौर पर लगा कि इसे जल्दबाजी में तैयार किया गया है। लेकिन धीरे-धीरे ये बात स्पष्ट होती जा रही है कि बीते अनेक दशकों से इस पर मंथन चल रहा था। जिसकी शुरुवात स्व. राजीव गांधी के प्रधानमंत्री कार्यकाल में ही हो चुकी थी। उनकी सरकार में रक्षा मंत्री रहे अरुण सिंह की अध्यक्षता में गठित समिति ने रक्षा सुधारों को गति देने की प्रक्रिया शुरू की। उसके बाद जब वाजपेयी सरकार के समय

कारगिल युद्ध हुआ तब कारगिल रक्षा समिति बनाई गयी। मंत्रीमंडलीय स्तर की इन समितियों ने सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ लम्बी मंत्रणा और अध्ययन के बाद सेना के आधुनिकीकरण के साथ ही उसकी औसत आयु में कमी हेतु जो कार्ययोजना बनाई उसी का परिणाम है अग्निपथ।

असल में विपक्ष को सरकार के हर निर्णय का विरोध और आलोचना करने की आदत सी हो गयी लगती है। कृषि कानूनों से लेकर तमाम दूसरे फैसलों पर विपक्ष ने सकारात्मक विमर्श की बजाय सड़क पर उतरने का काम किया। विपक्ष ने अपने राजनीतिक लाभ के लिए ऐसा माहौल बनाने की कोशिश की कि सरकार का हर फैसला जन विरोधी है। विपक्ष के रवैये के चलते सीएए एनआरसी, किसान आंदोलन और अब युवाओं के इस आंदोलन का रूख हिंसक हुआ, ये खुला तथ्य है। किसान आंदोलन के दौरान लाल किले की शर्मनाक घटना अभी देशवासी भूले नहीं हैं। विपक्ष हर मसले पर कभी किसानों और कभी युवाओं को आगे कर देश को हिंसा की आग में झोंक देता है। बात अगर अग्निपथ योजना की कि जाए तो इस योजना को लेकर विपक्ष ने अपने विरोध का कोई ठोस कारण पेश नहीं किया। और न ही सरकार के साथ इसे लेकर कोई सार्थक विचार विमर्श ही किया। बस योजना की घोषणा होते ही विरोध के स्वर उभरने लगे और देखते ही देखते करोड़ों की सरकारी संपत्ति को आंदोलनकारियों ने स्वाहा कर डाला। विपक्ष ने शांति पूर्वक बातचीत के रास्ते की बजाय सरकार की छवि धूमिल करने और युवाओं को भ्रमित करने का काम किया।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि चार साल बाद सेवानिवृत्त होने वाले नौजवान का अपने भविष्य के प्रति चिंतित होना स्वाभाविक है। ये बात भी सही है कि किसी भी नौकरी का आकर्षण वेतन के अलावा मिलने वाली अन्य सुविधाएं और भत्ते तो होते ही हैं लेकिन सेवा निवृत्ति के बाद मिलने वाली इलाज की सुविधा और पेंशन आदि का भी बड़ा महत्व है। विशेष रूप से सेना की नौकरी से निवृत्त्त जवान को मिलने वाली आर्थिक सुरक्षा तथा सुविधाओं की वजह से ही बड़ी संख्या में नौजवान सैनिक बनने की चाहत पालते हैं। लेकिन स्व. राजीव गांधी से लेकर डा. मनमोहन सिंह तक न जाने कितने प्रधानमंत्री आये-गये परंतु किसी ने भी सेना में सुधार कार्यक्रम तैयार करने वाली समितियों और उनकी गतिविधियों को रोका नहीं। ये भी जानकारी मिल रही है कि सेना की तरफ से समय-समय पर रक्षा मंत्रालय को तत्संबंधी सुझाव दिए गये जिन पर सरकार द्वारा विचार किया जाता रहा। पूरे एक दशक तक यूपीए की सरकार का नेतृत्व डा. मनमोहन सिंह ने किया। कारगिल रक्षा समिति उसके पूर्व ही बन चुकी थी। फौज की औसत आयु घटाने संबंधी जो फैसले दुनिया के तमाम देशों ने किये वे ही मूल रूप से उक्त समितियों की विषय सूची में रहे होंगे। अनेक पूर्व सेनाध्यक्षों ने टीवी चर्चाओं में ये स्पष्ट किया कि वेतन और पेंशन पर कुल बजट का 85 फीसदी खर्च हो जाने के कारण सेना के आधुनिकीकरण का काम पिछड़ रहा था। ये बात भी सामने आई है कि आजकल युद्ध में सैनिकों के साथ-साथ तकनीक की भूमिका काफी बढ़ती जा रही है। जिसमें नई पीढ़ी जल्दी पारंगत होती है। ये भी कि युद्ध की स्थिति में 21 से 25 साल आयु वर्ग के जवान और अधिकारी ही सबसे बढिया शौर्य प्रदर्शन करते हैं।

आंकड़ों के मुताबिक भारतीय सेना में औसत आयु 32 वर्ष है जबकि दुनिया के प्रमुख देशों ने इसे घटाकर 26 वर्ष कर लिया है। ऐसे में अग्निपथ योजना को लेकर खड़ा किया गया विरोध गलत अवधारणाओं और दुष्प्रचार पर आधारित लगता है। आंकड़ों के आलोक में बात की जाए तो लगभग 13 हजार जवान प्रतिवर्ष सेवा निवृत्त हो जाते हैं या नौकरी छोड़ देते हैं। जिन सुधारों का जमकर, कट्टर विरोध किया गया था, आज वे सभी हमारी व्यवस्था के बुनियादी ढांचे हैं। क्या आज कम्प्यूटर के बिना हम रोजमर्रा के कामों की भी कल्पना कर सकते हैं? आपका मोबाइल फोन ही ठप हो जाएगा। आपको नौकरी ही नसीब नहीं होगी। आप डिजिटल लेन-देन में असहाय महसूस करेंगे। इसी तरह 'अग्निपथ' के जरिए सैन्य सुधार धीरे-धीरे स्पष्ट हो रहे हैं। भारत सरकार लगातार संशोधन कर रही है। सरकार द्वारा योजना वापिस न लिए जाने की घोषणा से एक बात तो साफ हो गई कि वह और सेना दोनों अग्निपथ को लेकर संकल्पित हैं और उन्हें ये विश्वास है कि ये योजना सेना और अग्निवीर दोनों के लिए फायदेमंद साबित होगी। भारत सरकार ने रिटायर हुए 'अग्निवीरों' के लिए रक्षा मंत्रालय, तटरक्षक, रक्षा के 16 सार्वजनिक उपक्रमों में और दूसरी तरफ गृह मंत्रालय ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और असम राइफल्स में 10-10 फीसदी आरक्षण की घोषणा की है।

अग्निपथ : नाराजगी उचित, तरीका गलत

प्रेम शर्मा

ज्यादातर सरकारी विभागों में पद खाली हैं, तो युवाओं को स्वाभाविक ही लग सकता है कि खाली पदों पर उनका हक है। समस्या यह है कि लगभग हर सरकार के समय खाली पद बेरोजगारों को चिढ़ाते रहे हैं। ऐसे में रेलवे के बाद सबसे ज्यादा नौकरी देने वाली सेना में भर्ती ठेके जैसी स्थिति वाली नई अग्निपथ स्कीम के खिलाफदेश के विभिन्न इलाकों में युवा सड़कों पर उतरना जायज तो कहा जा सकता है लेकिन तरीका उचित नही है। विरोध की तीव्रता उन राज्यों में ज्यादा है, जहां से सेना में सबसे ज्यादा भर्तियां होती हैं। जाहिर है, युवाओं के गुस्से के पीछे असुरक्षित भविष्य और बेरोजगारी से उपजी भविष्य की चिंता है।

बेकारी एक ऐसा अभिशाप है जिससे मुक्त हो पाना किसी भी देश और उसकी सरकार के लिए सम्भव नही है। लेकिन समस्या है तो उसका समाधान भी है। कोरोना काल में बढ़ी बेराजगारी और लम्बे समय से सरकारी भर्तियों के न होने, तमाम निजी क्षेत्रों के रोजगारों में अधिसंख्य संख्या कमी आने के बाद देश में बेकारी की स्थिति चरमसीमा पर है। राज्यों के अधिनस्थ ठेका प्रथा में सेवायोजित लोगों की दुर्दशा की समाज में चाहुओर चर्चा है। ऐसे में हड़बड़ी कहे या फिर कुछ कि केन्द्र सरकार ने एक प्रकार से सेना जैसी सम्मानित सरकारी सेवा में तीन साल की ठेका प्रथा की घोषणा कर बेरोजगारों और लम्बे अरसे से देश सेवा कर एक सम्मानित जीवन यापन करने के सपने देख रहे देश के लाखों युवाओं की मंशा पर पानी फेरने का काम किया है। ऐसे में नाराजगी जाहिर करना स्वाभाविक बॉत है, लेकिन देश के युवा जिस तरह से कतिपय पार्टियों और लोगों के हाथों की कठपुतली बनकर अपनी सम्पति, अपने लोगों को निशाना बना रहे है उसें किसी भी तरीके से उचित नही ठहराया जा सकता। विरोध का तरीका अगर अहिंसात्मक हो तो भी सरकार को अपना फैसला बदलनें में मजबूर किया जा सकता है। एक साधरण तरीके से भी सरकार को इस बॉत का आभास कराया जा सकता है कि जो निर्णय सेना में भर्ती के लिए अग्निपथ के नाम से लेकर किया गया है वह देश के बेरोजगारों के साथ एक भद्दा मजाक है। इसके लिए अगर हर प्रदेश में युवा वर्ग सामूहिक रूप से बैठकर शांतिपूर्ण 24 घंटे का मूक प्रदर्शन करें तो इसे देश की सर्वोच्च अदालत और देश की जनता का समर्थन मिलेंगा। पिछले कुछ दिनों से हिंसात्मक रवैया अपनाया गया उसके पीछे एक सुनियोजित साजिश को नकारा नही जा सकता। लेकिन इस बॉत को भी नकारा नही जा सकता कि शुरूआत में उचित तरीके से शुरू हुए प्रदर्शन की सरकार

की अनदेखी और खुफ्यितंत्र की नकामी के चलते चंद दिनों में जनता को अनावश्यक कष्ट और देश को अरबों रूपये की क्षति का सामना करना पड़ा। प्रदर्शन के बढ़ने के बाद केन्द्र सरकार द्वारा आयु में छूट, सेना सहित अन्य दर्जन भर विभागों में आरक्षण और राज्य सरकार द्वारा नौकरियों में प्राथमिकता देने की घोषणा के बाद भी युवाओं में इसका उतना व्यापक असर नही हुआ। इसके बाद अगर ड्रेमेज कन्ट्रोल में सरकार और सेना के आला अफसरों के स्पष्टीकरण को हवा निकालने के लिए वक्त का इंजतार कर रहे विपक्षी दलों ने सत्याग्रह आन्दोलन को हाथियार बनाया। यही नही कतिपय जगहों पर यह भी देखा जा रहा है कि मुठ्ठी भर कट्टरपंथी सोच के लोग युवाओं को भड़का रहे और हमारा खुफ्यिा तंत्र उठ मुठ्ठी भर लोगों को शिकंजे तक पहुचाने में नाकारा साबित हो रहा है।

सेना की नई रोजगार योजना के बाद हुए प्रदर्शन संकेत हैं कि युवाओं को बेहतर रोजगार चाहिए। निजी क्षेत्र या असंगठित क्षेत्र की अनिश्चितता अपनी जगह है और हमेशा रहेगी, पर सरकारी नौकरियों के प्रति लोगों की एक धारणा है। सरकारी नौकरी अतुलनीय सुरक्षा बोध कराती रही है। लेकिन अब समय के साथ यह नौकरी भी तेवर-कलेवर बदल रही है, तो विरोध स्वाभाविक है। अंततरू लोगों को विश्वास में लेकर चलना होगा, ताकि सरकार का दायित्व भी पूरा हो और लोगों की उम्मीदें भी। काम की गुणवत्ता, सेवा की विश्वसनीयता, रोजगार का आकर्षण, सेवा व उसके उपरांत मानवीय पक्ष का भी ध्यान रखना होगा, ताकि किसी भी काम करने वाले से उसका सौ प्रतिशत योगदान लिया जा सके। अतरू शासन-प्रशासन को जन-भावनाओं के अनुरूप रोजगार सुधार के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। आज उत्तर प्रदेश,बिहार जैसे राज्य में रोजगार एक बहुत बड़ा प्रश्न है, जिसका जवाब देने में हम सिलसिलेवार पिछड़ते रहे हैं। जब मार्च महीने में देश में बेरोजगारी दर 7.60 प्रतिशत थी, तब बिहार में यह 14.4 प्रतिशत थी। मतलब बिहार में राष्ट्रीय औसत से लगभग दोगुने बेरोजगार हैं। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी के अनुसार, देश में अभी करीब तीन करोड़ बेरोजगार हैं, तो बिहार में अकेले 38 लाख से ज्यादा लोगों को नौकरी चाहिए। ऐसे में, जब रोजगार के इंतजार में बैठे युवाओं तक महज दस लाख नौकरियों की सूचना पहुंचती है, तो निराशा को समझना चाहिए। कुछ आंकड़े हैं, जो देश भर में बेरोजगार युवाओं की उम्मीदों को हवा देते रहते हैं।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कुदरत का असर

कुदरत का असर है ,मौसम बदला जब जब प्यार से रहो आखिर जिंदगी कब तक...!! बदल दी हैं हमने अपनी भी फ़ितरत चलते रहे आखिर,इस सादगी मे कब तक..!! इश्क करके खुदखुशी मैंने भी कर ली सहते रहेंगे आखिर, तुम्हारी बन्दगी कब तक..!! रहने दो अनजान मुझे वक्त की तरह ए हमखयाल अंजाम का डर किसे जिंदगी आखिर कब तक,...!!

- सुरेखा अग्रवाल

उधार के लफ़्ज़

उधार के लफ़्ज़ असर नही छोड पाते है, दुसरों के जख्म कभी नजर नही आते है! बड़ा ताज्जुब है या कैसा अजब हुनर है, सजदे में भी वो कोई कसर ढूंढ लाते है!!

- राज चुन्नी शर्मा

खास पाती

जीवन के अंतरतम में ऐसी

जीवन के अंतरतम में ऐसी शक्तियां है, जो सो रही है। ऐसी शक्तियां , जो स्तब्ध कर दे। जिस शक्ति के बारे में, कभी सोचा भी नहीं। उसके पास है ऐसी शक्तियां, जो अगर जागृत कर उपयोग में लाई जाय तो आदमी के जीवन को, रूपांतरित कर के रख दे। मनुष्य अपना निर्माण, अपने विचारो के। आयुध्खाने में गढे, हथियारों से अपना विध्वश कर लेता है। स्व निर्मित औजारों से, आनन्द, अपराजेयता और शांति के स्वर्गीय महल खड़ा कर लेता है। सही विचार और उन पर ईमानदारी से अमल कर, आदमी दिब्यता के परम् शिखर पर विराजमान हो जाता हैं। लेकिन विचारो के गलत चयन और इनपर दोष पूर्ण अमल के कारण वह नर पशु बनकर रह जाता है।

-हेमा पाण्डेय

शाहीन बाग, कृषि कानूनो की वापसी

शाहीन बाग, कृषि कानूनो की वापसी लालकिले में खालिस्तानी झंडा, खाडी देशो के दवाब पर तुरंत फुरंत नुपूर शर्मा पर कार्यवाही। इन बिंदुओं पर सरकार की कमजोरियों ने सरकार विरोधी ताकतों का हौसला बढ़ाया व उन्हें कुछ संभावना देखाई देने लगी और आज हालात सामने हैं। सरकार को सख्त तेवर दिखाने ही होगे। समझोता वादी नीति विरोधियों के लिए टानिक का काम कर रही है। इस टानिक से उन्हें वंचित करना ही होगा अन्यथा आने वाला समय और मुश्किल भरा होगा। हर नीति का हर कानून का विरोध होगा। शाहीन बाग आबाद होगे, पत्थरो की बारिश होगी और आगजनी का ताडंव होगा इसलिए फिल्मी अंदाज में कहै तो ऐसा माफिक बार बार झुकने का नहीं।

- एल.एस. बिष्ट

हमारी अंतिम यात्रा में हम

हमारी अंतिम यात्रा में हम अकेले ही होंगे, सामने केवल अंधकार होगा, कुछ अपनों की चीखें और प्रियजनों की स्मृतियाँ होगी, कुछ अधूरे सपने होंगे जो कभी पूरे न हो पाए, दुश्मनों के आंखों में भी थोड़ी सी नमी होगी और सभी के फेसबुक और व्हाट्सएप्प पर आरआईपी होगा, बस इतना ही तो अंतिम सफर है.. !(मैं सोच रही इधर बताएगा कौन। **- मीनू सोनी**

हम हर किसी को खुश नहीं

हम हर किसी को खुश नहीं कर सकते. मैं उनके लिए खड़ा हूँ जिन्हें मेरी बात समझ में आती है, जो मेरी बात समझना चाहते हैं और जिन्हें मेरी जरूरत है. बहस से समय और ऊर्जा दोनों का नाश होता है. चर्चा करें, चिंतन करें.. बहस नहीं।

- मनोज स्वाईन

पिता तुम्हारे प्यार ने, दिया हमें

पिता तुम्हारे प्यार ने,दिया हमें उत्साह पथरीला पथ कर दिया,सुगम,दिखाई राह सुगम दिखाई राह, चुने राहो के कांटे कर जीवन गुलजार, फूल खुशियों के बांटे आदर हृदय अपार, देख के दूरदर्शिता दिया सुरक्षा भाव, बन के इक श्रेष्ठ पिता।

- शलीनी शर्मा

अग्निपथ काँटो भरी डगर नहीं

अग्निपथ काँटो भरी डगर नहीं ये फूलों का पथ देश पर जान लुटाने वालों है यही अग्निपथ। ये उसी के लिए जो धूप छाँव समभाव सहे आँधी तूफ़ान में भी जो रहें सदा कर्मरत। आरामपसंद युवाओं मोटी तनख्वाह की बारिश गर हो मख़मल के गद्दों की खूवाहिश तो फ़ौरन मोड़ लो अपना रथ। **- राजीव वर्मा**

QUIZ TIME

1) किस देश के साथ, भारत ने नौसेना द्विपक्षीय बोंगोसागर का तीसरा संस्करण आयोजित किया?
2) कौन-सी कम्पनी इंडियन गैस-एक्सचेंज पर घरेलू गैस का व्यापार करने वाली भारत में पहली एक्सप्लोरेशन एण्ड प्रोडक्शन कम्पनी बन गई है?
3) किस राज्य की हॉकी टीम द्वारा इम्फाल में हॉकी इंडिया सब-जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2022 जीती गई?
4) किस देश के केप्टन कुल 16 बार माउण्ट एवरेस्ट पर चढ़ने वाले पहले विदेशी बन गए?
5) टेम्पलटन पुरस्कार 2022 के प्राप्तकर्त्ता कौन है?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) बांग्लादेश (2) तेल और प्राकृतिक गैस निगम (3) हरियाणा (4) ब्रिटेन (5) फ्रैंक विल्जेक

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1555- हुमांयू ने सिकंदर सूरी को पराजित कर अकबर को उत्तराधिकारी घोषित किया। 1857- लंदन में विक्टोरिया और अल्बर्ट संग्रहालय आधिकारिक तौर पर रानी विक्टोरिया द्वारा खोला गया। 1865- डॉ डब्ल्यू जी ग्रेस ने प्रथम श्रेणी की क्रिकेट की शुरुआत की। 1906- स्वीडन ने राष्ट्रीय ध्वज अपनाया। 1911- किंक जॉर्ज पंचम को इंग्लैंड का राजा बनाया गया। 1928- अमेरिकी अभिनेता राल्फवाइट का जन्म। 1939- सुभाष चंद्र बोस ने कांग्रेस से अलग होकर फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना की। 1941- हिटलर ने तत्कालीन सोवियत रूस पर आक्रमण किया। 1950- बॉलीवुड अभिनेता टॉम ऑल्टर का जन्म। 1957- तत्कालीन सोवियत रूस ने पहली बार आर-12 मिसाइल का प्रक्षेपण किया। 1984- लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट से वर्जिन अटलांटिक एयरवेज ने पहली उड़ान भरी। 1990- फिलीपींस में माउंट डडिकास के पानी के नीचे ज्वालामुखी का विस्फोट हुआ। 2002- उत्तरी-पश्चिमी ईरान में जबरदस्त भूकंप से 261 लोगों की मौत, बड़ी संख्या में लोग घायल हुए। 2009- 21वीं सदी का सबसे लंबा सूर्यग्रहण भारत में दिखाई दिया। 2012- पराग्वे के राष्ट्रपति फर्नान्डो लुगो पर महाभियोग चलाकर पद से हटाया गया और फेडेरिको फ्रांको नये राष्ट्रपति बने। 2015- अफगानिस्तान की नेशनल असेंबली की इमारत में आत्मघाती हमला, सभी हमलावर मारे गये, 18 लोग घायल हुए। 2016- इसरो ने अंतरिक्ष में एक साथ 20 उपग्रह प्रक्षेपित कर इतिहास रचा।

न्यूज गैलरी

बिलासपुर जिले में 1 जून से अब तक 58.3 मिमी वर्षा दर्ज

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर जिले के 5 तहसीलो में 1 जून से आज तक 58.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख बिलासपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार बिलासपुर तहसील में 65.5 मि.मी., बिल्हा में 58.3 मि.मी., मस्तूरी में 49.9 मि.मी., तखतपुर में 69.9 मि.मी., कोटा तहसील में 57.7 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। नवीन तहसील सकरी, रतनपुर, बेलगहना में वर्षा मापी केन्द्र स्थापित नहीं होने के कारण इन तहसीलो की जानकारी उपलब्ध नहीं है।

कोल इंडिया में 1050 पदों के लिए वैकेंसी निकली

बिलासपुर/नवप्रदेश। शिक्षित बेरोजगार युवाओं को कोल इंडिया में नौकरी करने के लिए सुनहरा अवसर मिला है। कोल इंडिया में 1,050 अधिकारी-कर्मचारियों की भर्ती की जाएगी। केंद्र सरकार के निर्देश पर आदेश जारी कर दिया गया है। 23 जून से उम्मीदवार आवेदन कर सकेंगे। गेट परीक्षा के माध्यम से खनन, सिविल इलेक्ट्रानिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन, सिस्टम समेत अन्य पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू होगी। केंद्रीय संस्थान कोल इंडिया में नौकरी कर युवा अपना भविष्य सवांर सकते हैं। आवेदन के लिए 23 जून सुबह 10 बजे से लेकर 22 जुलाई की रात 11.59 बजे तक कर किया जाएगा। सोमवार को कोल इंडिया ने नौकरी में आवेदन करने के लिए विज्ञापन जारी किया है। इसमें 1050 पदों में माइनिंग के 699 पद में 295 सामान्य, 70 ईडब्ल्यूएस, एससी 98, एसटी 55 और ओबीसी के लिए 181 पदों पर भर्ती की जाएगी। ये सभी पद कई सालों से खाली पड़ा था। केंद्र से अनुमति लेने के बाद खाली पदों को भरने के लिए शिक्षित युवाओं के लिए अच्छा अवसर आया है। ईडब्ल्यूएस के 12, एससी 21,एसटी 12, ओबीसी 40 पदों में आवेदन कर सकेंगे।

जिपं उपाध्यक्ष ने किया वृक्षारोपण

मुंगेली/नवप्रदेश। ब्लाक स्तरीय रोका छेका अभियान गोठान ग्राम धौराभाट में जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजीत बनर्जी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने वृक्षारोपण भी किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनपद सदस्य मीना मारकंडे, सीईओ तिवारी, कृषि विभाग के अधिकारी, सरपंच चंदरबाई ध्रुव, गणेश साहू, शेखर बघेल उपस्थित थे।

पेट्रोल-डीजल की किल्लत, कलेक्टर ने ली बैठक

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने जिले के पेट्रोल पम्प संचालकों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने पेट्रोल-डीजल की स्टॉक और वितरण के संबंध में जानकारी प्राप्त की और प्रतिदिन पेट्रोल-डीजल की स्टॉक को सूचना पटल पर अंकित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल पम्पों की आकस्मिक जांच की जाएगी। जांच के दौरान पेट्रोल-डीजल की अनियमितता और कालाबाजारी तथा जमाखोरी पाए जाने पर संबंधितों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुंगेली जिला कृषि प्रधान जिला है। जिले में किसान खेती किसानी में जुट गए हैं। खरीफ फसलों की बुवाई शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि खेती किसानी हेतु किसानों को पेट्रोल-डीजल की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्हें आवश्यकतानुसार पेट्रोल-डीजल उपलब्ध होनी चाहिए।

कलेक्टर ने गौठान का किया निरीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह द्वारा जिले का भ्रमण कर राज्य शासन की फ्लैगशीप योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन का जायजा लिया जा रहा है। इसी कड़ी में उन्होंने राज्य शासन की महत्वाकांक्षी नरवा, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी योजना के तहत जिले के विकासखण्ड मुंगेली के ग्राम लिम्हा में निर्मित नवीन गौठान का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने विगत दिनों ग्राम लिम्हा में नवीन गौठान का भूमिपूजन किया है। इस नवीन गौठान को मल्टीएक्टीविटी सेंटर के रूप में विकासित किया जा रहा है। जो आदर्श गौठान के रूप में जाना जाएगा। उन्होंने नवीन गौठान लिम्हा का फैंसिंग, पशुधन के लिए शेड, चारा, पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर-एसपी ने की कानून व्यवस्था की समीक्षा

मुंगेली/नवप्रदेश। शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह और पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह ने जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में कानून व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि नागरिकों को बेहतर प्रशासन देना जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन दोनों का दायित्व है। इस हेतु उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करने तथा असामाजिक तत्वों पर सतत् निगाह रखने के भी निर्देश दिए। इसमें किसी प्रकार की अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर उन्होंने पुलिस विभाग द्वारा की जा रही गश्त को सतत् जारी रखने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने कहा कि राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को आम जनता को न्याय देने के लिए निष्पक्ष होकर कार्य करना होगा ताकि आम जनता की नजर में उनका सकारात्मक छवि बने और प्रशासन के प्रति विश्वास पैदा हो।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग का आयोजन

- योग से जीवन में आती है सकारात्मकता : रश्मि सिंह
- बहतराई इंडोर स्टेडियम में हुआ योगाभ्यास प्रदर्शन
- योग फॉर ह्यूमैनिटी की थीम पर हुआ आयोजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। आठवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले के बहतराई इंडोर स्टेडियम में आज सुबह 7 बजे से 8 बजे तक जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संसदीय सचिव श्रीमती रश्मि आशीष सिंह के मुख्य आतिथ्य में हुआ। श्रीमती सिंह ने कहा कि योग से जीवन में सकारात्मकता आती है। योग शक्ति है आत्मविश्वास जागृत करने की। योगाभ्यास से व्यक्ति में प्रत्येक प्राणी के प्रति मानवता का भाव उत्पन्न होता है, इसलिए इस साल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 'मानवता के लिए योग' पर केन्द्रित किया गया है। योगाभ्यास समारोह में बेलतरा विधायक श्री रजनीश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरूण सिंह चौहान, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष श्री प्रमोद नायक, बिलासपुर आई जी श्री रतन लाल डांगी, कलेक्टर डॉ सारांश मित्तर भी शामिल हुए। इस अवसर पर सात से अधिक योग प्रशिक्षकों तथा योगाचार्यों के मार्गदर्शन में 1300 से अधिक प्रतिभागियों द्वारा योगाभ्यास, प्राणायाम, जैसे अनुलोम-विलोम, कपाल भांती, भुजंग आसन जैसे आसनों और ध्यान का प्रदर्शन किया गया।

स्व. बी.आर स्मृति राज्य प्रशिक्षण खेल परिसर इंडोर स्टेडियम बहतराई में आयोजित योगाभ्यास समारोह में वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन, जनप्रतिनिधियों के साथ ही बड़ी संख्या में विद्यार्थी और गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए। इस अवसर पर संसदीय सचिव श्रीमती रश्मि सिंह ने कहा कि योग को हमें अनिवार्य रूप से अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। समाज के लिए कुछ कर पाने में ही मनुष्य जीवन की सार्थकता है। योग से न केवल शरीर अपितु मन भी स्वस्थ रहता है। कार्यक्रम को विधायक रजनीश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरूण सिंह चौहान और आईजी रतन लाल डांगी ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरीस एस, एडीएम जयश्री जैन, नगर निगम कमिश्नर अजय त्रिपाठी, एसडीएम तुलाराम भारद्वाज, जिला शिक्षाअधिकारी, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी, स्कूली बच्चे, विभिन्न योग संस्थाओं के प्रतिनिधि और अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

बच्चों के साथ-साथ शाला के स्टाफ ने भी उत्साह पूर्वक मनाया विश्व योग दिवस

बिल्हा/नवप्रदेश। डी. ए. व्ही. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल गोढ़ी बिल्हा में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर छात्रों एवं स्कूल के स्टाफ के द्वारा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा चलाई गई विश्व योग दिवस कार्यक्रम में छात्रों एवं स्कूल के स्टाफ द्वारा योगाभ्यास किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 7:30 बजे से की गई जिसमें सर्वप्रथम गायत्री मंत्र एवं ओम की ध्वनि का जाप कराया गया तत्पश्चात सूर्य नमस्कार, अनमोल विलोम, प्राणायाम आदि योगाभ्यास कराया गया जिसकी तैयारी छात्रों द्वारा 2 दिन पूर्व से की जा रही थी। वही कार्यक्रम में स्कूल की शिक्षिकाओं के द्वारा अच्युतम केशवम कृष्ण दामोदरम संगीत मधुर ध्वनि की प्रस्तुति भी दी गई एवं जुंबा डांस द्वारा प्रायमरी व मिडिल स्कूल के बच्चों को नवीन योगाभ्यास से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का अंत सवासन के साथ किया गया एवं डीएव्ही के प्राचार्य श्री एस. एन. पांडे जो कि स्कूल के आवश्यक कार्य के वजह से प्रदेश से बाहर गए हुए थे उन्होंने भी वर्चुअल रूप से अपने शाला में उपस्थित होकर छात्रों का मनोबल बढ़ाया एवं उत्साह बढ़ाते हुए योग को अपने व्यक्तिगत जीवन में उतारने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर सरपंच एवं अन्य पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक तथा पालक गण विशेष रुप से उपस्थित थे।

भाजपा कार्यालय में योग दिवस पर योगाभ्यास

मुंगेली। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय में विधायक पुन्नूलाल मोहले, जिलाध्यक्ष शैलेश पाठक व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में किया गया योग। योगाचार्य रहे प्रदीप पाण्डेय व लेखु साहू। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न शक्तिकेन्द्रों व बूथों में भी योग किया गया। जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित योगाभ्यास में जिला पंचायत सदस्य शीलू साहू, लक्ष्मी ठाकुर, द्वारिका जायसवाल, मोहन भोजवानी, किशोरीलाल केशरवानी, सुनील पाठक, कोटू दादवानी, शंकर सिंह, राणाप्रताप सिंह, मुकेश रोहरा, रामशरण यादव, उमाशंकर साहू, रमेश बुनकर, हीरालाल साहू, आनंद देवांगन, राघवेंद्र सिंह, महेंद्र पारख, सुनील चोपड़ा, यश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

बिलासपुर की योग की मुद्राओं में खड़ीं प्रतिमाएं दे रहीं निरोग रहने का संदेश

बिलासपुर/नवप्रदेश। सूर्य नमस्कार के 12 आसन के साथ योग की मुद्रा में खड़ी इन प्रतिमाओं को देखने से ऐसा लगता है कि ये अब बोल ही पड़ेंगी। योग मुद्रा में खड़ी प्रतिमाएं मानों लोगों को संदेश दे रही हैं कि निरोग रहना है तो योग के प्रति अपना ध्यान लगाओ। योग को जीवन में अपनाओ। सूर्य नमस्कार के जरिए शरीर को स्वस्थ्य रखा जा सकता है। ये प्रतिमाएं 12 आसन में बनाई गई हैं जो सूर्य नमस्कार की विधि है।

सूर्य नमस्कार का अपना ही अलग महत्व है और इसके महत्व को देखते हुए नगर निगम ने लिंक रोड में यह प्रतिमाएं स्थापित की हैं। यही नहीं इन मूर्तियों के पास लगे संदेश योग के महत्व का बढ़ावा देते रहते हैं। सुबह के वक्त मार्निंग वॉक करने वालों की नजर इस पर पड़ती है।

इन आसनों का ये है महत्व

सूर्य नमस्कार को दर्शाती इन प्रतिमाओं के रूप में प्रणासन, हस्त उत्तानासन, पाद हस्तासन, अश्व संचालनासन, पर्वतासन व अष्टांग नमस्कार है। इसके बाद फिर पुनः उतरते क्रम में भुजंगासन, पर्वतासन, अश्व संचालनासन, पाद हस्तासन, हस्त उत्तानासन व प्रणासन तक लगाया गया है। योग की इन मुद्राओं में खड़ी बारह आदमकद प्रतिमाओं को देखकर लगता है मानों अभी बोल पड़ेंगीं।

आध्यात्मिक चेतना का शक्तिशाली प्रतीक

सूर्य को आध्यात्मिक चेतना का शक्तिशाली प्रतीक माना गया है। सूर्य नमस्कार-सूर्य से शक्ति प्राप्त करने की अहम विधि है। इसके नियमित अभ्यास से स्वास्थ्य, शक्ति, क्रियाशीलता एवं जीवनदायिनी ऊर्जा की प्राप्ति के साथ आध्यात्मिक प्रगति भी होती है।

चारपारा अंडरब्रिज में कमर तक भर गया पानी, आवा-जाही प्रभावित

- करगीरोड स्टेशन से आगे चारपारा अंडरब्रिज में भरा पानी, रेलवे ने नहीं की निकासी की व्यवस्था

बिलासपुर/नवप्रदेश। पहली ही वर्षा में रेलवे अंडरब्रिज की पोल खुलने लगी है। बिलासपुर-कटनी मार्ग स्थित चारपारा अंडरब्रिज में कमर तक पानी भर गया है। इसके कारण पैदल तो दूर वाहन में राहगीर आवाजाही नहीं कर पा रहे हैं। अब यह ब्रिज बच्चों के स्वीमिंग पुल का काम आ रहा है। सोमवार को सुबह से लेकर दोपहर तक बच्चों का समूह इसमें तैराकी करते नजर आए। पानी भरने और अंडरब्रिज बंद होने की जानकारी रेलवे को दे दी गई है। हालांकि संबंधित विभाग का कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा।

कोटा ब्लाक के ग्राम चारपारा, नवागांव पहुंच मार्ग में बिलासपुर कटनी रेलवे मार्ग मानव रहित रेलवे क्रासिंग फाटक को बंद कर इस नए अंडरब्रिज का निर्माण किया गया। दो से तीन की वर्षा के बाद अब स्थिति यह है कि ब्रिज में से वाहन में तो दूर पैदल भी नहीं चल पा रहे हैं। चारपारा रेलवे अंडरब्रिज में पानी भर जाने के कारण पूरी तरह से आवागमन बंद हो चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि रेलवे इस अंडरब्रिज के अलावा बाकी का भी यही हाल है।

ट्रैक पार या 10 किमी घूमना पड़ रहा

अंडरब्रिज बनने से ग्रामीणों को राहत मिली थी। पर उन्हें पहले की तरह परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ ग्रामीण तो ट्रैक के जरिए इस पार से उस पार आवाजाही कर रहे हैं। इससे खतरा भी है। जिन्हें इसका डर है वे बेवजह 08 से 10 किमी घूमकर आना- जाना कर रहे हैं।

रात में फंसने का डर

इस अंडरब्रिज से आवाजाही के लिए स्थानीय ग्रामीणों के अलावा बाहरी लोग भी करते हैं। हालांकि यह कभी-कभी ही इसका ब्रिज का उपयोग करते हैं। इसलिए उन्हें यहां पानी भरने की जानकारी नहीं है। पानी भरने से अनजान राहगीरों को खतरा है। यह जानते हुए भी रेलवे द्वारा न तो सूचना बोर्ड लगाया और न ही बिजली की व्यवस्था की गई है।

छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में हृदयाघात से गर्भवती महिला यात्री की मौत

बिलासपुर/नवप्रदेश। अमृतसर- बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में एक महिला यात्री की हृदयघात से मौत हो गई। वह छह महीने की गर्भ से थीं। इस घटना की सूचना मिलने के बाद जीआरपी ट्रेन के पहुंचने से पहले प्लेटफार्म पर तैनात हो गई। शव को उतारा गया। पर स्वजनों के निवेदन पर जीआरपी ने मर्ग कायम किया और न ही पोस्टमार्टम कराया। दरअसल यात्री की पूर्व ओपन हार्ट सर्जरी हो चुकी है। वह हृदयरोगी थी।

घटना मंगलावार की है। जांजगीर- चांपा जिला अंतर्गत ग्राम खजुरानी थाना जैजैपुर निवासी रेखा कर्ष पति प्रदीप कर्ष (25) की साल भर पहले शादी हुई थी। प्रदीप के बड़े भाई पितांबर जालंधर में किसी चप्पल फैक्ट्री में काम करते हैं। वह छोटे भाई व बहू को जालंधर बुला लिए थे। करीब एक साल से वहीं रहते थे और चप्पल फैक्ट्री में काम करते थे। प्रदीप के बड़े भाई का बेटा हुआ है। उसी की छठी कार्यक्रम को करने के लिए सभी गांव लौट रहे थे। आठ सदस्यों के इस परिवार के पांच सदस्य एसई-5 और एस-3 कोच में सफर रहे थे।

मृतिका एस-3 में ही थी। ट्रेन चकरभाठा रेलवे स्टेशन से पहुंची थी कि अचानक तबीयत बिगड़ी और अचेत हो गई। इसकी जानकारी टीटीई को दी गई। टीटीई ने कंट्रोल को सूचना दी। बिलसपुर स्टेशन में चिकित्सक ने जांच की और मृत घोषित कर दिया। इसके बाद मेमो जीआरपी थाने को दिया गया। जीआरपी ने मौके पर शव को कोच से नीचे उतरवाया। इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल ले जाने की तैयारी थी। पर स्वजनों ने मौखिक निवेदन किया।

इसके बाद लिखित में भी पोस्टमार्टम न करने और शव को लेकर जाने की अनुमति मांगी। स्वजनों ने बताया कि वह हृदयरोगी थी। पूर्व में उनके हृदय का आपरेशन हो चुका है। इसलिए वह अस्वस्थ रहती थी।

खुले तथा अनुपयोगी बोरवेल को बंद करने की अपील

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा है कि खुले बोरवेल अबोध बच्चों के लिए घातक साबित हो सकते हैं। इसे दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में खुले हुए तथा अनुपयोगी बोरवेल को कांक्रीटीकरण कर तत्काल बंद करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अनुपयोगी बोरवेल को खुले रखने की सूचना देने वाले को नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जांजगीर-चांपा के ग्राम पिहरीद में खुले बोरवेल में 11 वर्षीय बालक गिर गया था, जिसे रेस्क्यू कर निकाला गया था। जिसे देखते हुए उन्होंने शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में खुले तथा अनुपयोगी बोरवेल को बंद करने की अपील की है। इसके अलावा उन्होंने निर्माण एजेंसियों को भी सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ खुले तथा अनुपयोगी बोरवेल को बंद करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही की गई कार्रवाई का पालन प्रतिवेदन कलेक्टर कार्यालय को प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए हैं।

नई सरकारी राशन दुकानों के लिए आवेदन 4 जुलाई तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के मस्तूरी विकासखंड के गतौरा और धनिया में नई शासकीय उचित मूल्य की दुकान खुलेगी। नई दुकान के आबंटन के लिए कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व मस्तूरी द्वारा 4 जुलाई 2022 शाम पांच बजे तक आवेदन मंगाए गए है।

जारी निर्देश के अनुसार संबंधित संस्था या समिति का कार्यक्षेत्र वही क्षेत्र होना चाहिए जहां के उचित मूल्य दुकान उसे आबंटित की जानी है। राजस्व अधिकारी ने बताया कि दुकान संचालन के लिए आदिम जाति बहुद्देशीय सहकारी समिति, प्राथमिक कृषि साख समिति, वन सुरक्षा समिति आदि संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किया गया है।

उचित मूल्य दुकान का आबंटन ऐसे सहकारी समितियों एवं महिला स्वसहायता समूह को किया जाएगा, जो आवेदन पत्र प्राप्त होने की तारीख के कम से कम तीन माह पूर्व पंजीकृत एवं कार्यरत् हो तथा जिसे सामाजिक आर्थिक क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव हो। आवेदन करने के लिए इच्छुक संस्थाओं को समिति या संस्था के पंजीयन की सत्यापित छायाप्रति, बैंक पासबुक की छायाप्रति तथा तीन माह का बैंक स्टेटमेंट आदि प्रस्तुत करना होगा। दुकान आबंटन के संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व मस्तूरी में सम्पर्क किया जा सकता है।

मदकूद्वीप, सेतगंगा व खुड़िया पर्यटन के नक्शे में जल्द होंगे शामिल

बिलासपुर/नवप्रदेश। मदकूद्वीप, सेतगंगा और खुड़िया जल्द ही पर्यटन के नक्शे में शामिल होंगे। प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर इन तीनों ही जगहों को पर्यटन मंडल ने पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने का निर्णय लिया है। पर्यटकों को दी जाने वाली सुविधाओं के विस्तार के संबंध में छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव ने मुंगेली कलेक्टर गौरव सिंह से मुलाकात कर इस संबंध में जरूरी कार्ययोजना बनाने की बात कही है। अध्यक्ष श्रीवास्तव ने कलेक्टर से कहा कि पर्यटन मंडल के प्रस्ताव पर तुरंत कार्यवाही होगी और आवश्यक जमीन पर्यटन विभाग को प्रदान की जाएगी।

छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल ने मदकूद्वीप, सेतगंगा, खुड़िया और टाइगर रिजर्व अचानकर को मिलाकर एक पैकेज पर्यटकों के लिए बनाने का निर्णय लिया है। प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर तीनों ही जगहों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। इससे छत्तीसगढ़ आने वाले पर्यटकों को तीन और जगहों के सैर सपाटे का आनंद उठाने का मौका मिलेगा।

मुंगेली जिले पर्यटन स्थलों के साथ ही जंगल सफारी, जल विहार समेत ऐतिहासिक जगहों को देखने का अवसर पर्यटकों को मिलेगा। मैकू मठ को भी दर्शनीय स्थल बनाने की योजना बनाई है। आने वाले मठ के इतिहास से परिचित हो सकें इस संबंध में तैयारी की जा रही है। प्रोफेसर खेड़ा के निवास स्थान को भी विकसित किया जाएगा।

पर्यटन की दृष्टि से यह मुलाकात महत्वपूर्ण रही। कलेक्टर गौरव सिंह ने पर्यटन विभाग के प्रस्ताव पर जिला प्रशासन मुंगेली की सभी विभाग मुख्य रूप से वन विभाग तत्परता से काम करेगा। मुलाकात के दौरान अतिरिक्त कलेक्टर तिरथराज अग्रवाल, डीएफओ मुंगेली, प्रदेश प्रवक्ता अभय नारायण राय, महामंत्री समीर अहमद उपस्थित रहे। अटल श्रीवास्तव ने इस अवसर पर जिले के कांग्रेस नेता व कार्यकर्ताओं से भी भेंट मुलाकात की। अटल श्रीवास्तव ने जिले में चल रहे विकास कार्यों की भी जानकारी ली, भूपेश बघेल सरकार की योजनाओं पर चल रहे कार्यों पर भी चर्चा हुई।

आकाशीय बिजली से सब स्टेशन के उपकरणों में आई खराबी

- तोरवा पावर हाउस उपकेंद्र का मामला, तीन रिले व एक बैटरी चार्जर बदले गए

बिलासपुर/नवप्रदेश। आकाशीय बिजली के प्रभाव में तोरवा पावर हाउस सब स्टेशन में लगे तीन रिले और एक बैटरी चार्जर खराब हो गई। इसके चलते करीब एक घंटे तक बिजली सप्लाई भी ठप रही। बाद में इसे ठीक किया गया, तब जाकर क्षेत्र के रहवासियों को राहत मिली। घटना सोमवार सुबह की है। मौसम का मिजाज सुबह से ही बदला हुआ था। तेज वर्षा हुई। साथ ही आकाशीय बिजली भी चमक रही थी। इसके कारण कई क्षेत्रों में बिजली सप्लाई प्रभावित भी हुई। इस आकाशीय बिजली से कंपनी को नुकसान भी हुआ।

हालांकि आकाशीय बिजली सीधे स्टेशन पर नहीं गिरी। लेकिन अर्थिंग पर असर पड़ा और इसके जरिए उपकरण तक पहुंचकर उसे खराब कर दिया। कमजोर उपकरण अक्सर इस तरह की आकाशीय बिजली के प्रभाव में बिगड़ जाते हैं। इस सब स्टेशन में जिन उपकरणों में खराबी आई है। वह दोनों ही महत्वपूर्ण व सप्लाई के लिहाज से जरूरी हैं। रिले का काम वीसीबी को सिग्नल भेजना व खराबी के प्रकार की पहचान करना होता है। जब इस घटना की जानकारी मिली तो अमला मौके पर पहुंचा। इसके बाद सुधार कार्य शुरू हुआ। चूंकि मेजर फाल्ट था और सप्लाई भी प्रभावित हुई थी, इसलिए करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद सुधार पूरा हो सका।

36 हजार उपभोक्ताओं के लिए केवल 23 कर्मचारी

यह समस्या तोरवा जोन के अंतर्गत आई है। मालूम हो कि तोरवा मंडल का इस जोन में 36 हजार उपभोक्ता हैं। जबकि रायपुर समेत अन्य शहरों में 12 हजार उपभोक्ताओं में एक जोन बनाया जाता है। इन 36 हजार उपभोक्ताओं की बिजली से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए कंपनी के पास केवल 23 नियमित कर्मचारी हैं। इसका खामियाजा उपभोक्ताओं को उस समय भुगतना पड़ता है, जब कोई बड़ी तकनीकी खराबी आती है।

एक लाख रुपये का नुकसान

आकाशीय बिजली के प्रभाव में इन उपकरणों के बिगड़ने से बिजली वितरण कंपनी को एक लाख रुपये का नुकसान हुआ। बैटरी चार्जर ज्यादा महंगा है। हालांकि यह बदल गया और उपभोक्ताओं की समस्या भी दूर हो गई। पर अभी मानसून की शुरुआत है। पूरा सीजन बाकी है। इसी तरह दिक्कत आती है तो इससे बड़ा नुकसान होगा।

न्यूज गैलरी

स्वस्थ शरीर एवं आत्मा की शुद्धि के लिए योग आवश्यक है : गीता

सक्ती/नवप्रदेश। हमारा शरीर पंचतत्वों से बना है। इसे शुद्ध एवं पवित्र रखना आवश्यक है तभी हम स्वस्थ होंगे। उक्त विचार जिला विधिक प्राधिकरण जांजगीर चांपा के निर्देश पर तालुका विधिक सेवा समिति सक्ति द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर न्यायालय परिसर में आयोजित शिविर में तालुका विधिक सेवा समिति शक्ति के अध्यक्ष एवं प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश गीता नेवारे ने योग शिविर के अवसर पर कहीं। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को स्वस्थ रहने के लिए रोज योग करना चाहिए ताकि शरीर और आत्मा दोनों शुद्ध हो जिससे विचारों में भी शुद्धता आए अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रेक यशवंत सारथी ने कहा कि अपने दिनचर्या में योग को शामिल करने से मनुष्य स्वस्थ रहता है तथा कई प्रकार की रोगों से मुक्ति मिलती है न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी चेतना ठाकुर ने कहा कि योग हमारी सनातन परंपरा है वर्तमान के समय में योग हर व्यक्ति के जीवन के लिए आवश्यक है चाहे वह किसी भी उम्र का हो योगाचार्य चतुर सिंह चंद्रा ने कपाल भारती अनुलोम विलोम एवं कई प्रकार के आसन को सिखाया योगाचार्य चतुर सिंह चंद्रा ने कहा कि आज के तनाव भरी जिंदगी में योग हमें तनाव मुक्त रखती है इसलिए हर व्यक्ति को अपने सामर्थ्य के अनुसार योग जरूर करना चाहिए।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवसके अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया योग अभ्यास

जगदलपुर/नवप्रदेश। आठवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पूरे विश्व में योग किया जा रहा है। जगदलपुर पर स्थित भाजपा कार्यालय में प्रदेश महामंत्री किरण सिंह देव की उपस्थिति में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय जनता पार्टी जिला बस्तर द्वारा समस्त ग्यारह मंडल जिसमें जगदलपुर, बस्तर, भानपुरी, बकावंड, करपावंड, नानगुर, नगरनार, तोकापाल, बस्तानार, चित्रकूट, दरभा में योग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा प्रदेश महामंत्री किरण देव ने कहा कि शारीरिक व मानसिक मजबूती के लिए योग जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों से समस्त विश्व ने योग की महत्ता को स्वीकारा है, और सभी ने अपनाया है। हम सभी योग अपनाकर निरोग रहने का संकल्प लें। कार्यक्रम में श्रीधर ओझा, रामाश्रय सिंह, अश्वनी सरडे, नरसिंह राव, राजेंद्र बाजपेई, रोशन झा, शशि नाथ पाठक, दिगंबर राव, संतोष बाजपेई, राजपाल कशेर, संजय चंद्राकर, अरुण नेताम, योगेश ठाकुर, गीता नाग, अलका सेंगर, स्वेता गुप्ता, हीराराम कुकडे, दिव्यराज सिंह राणा सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

व्यवहार न्यायालय में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

बचेली/नवप्रदेश। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर, जिला न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दंतेवाड़ा के अध्यक्ष जाहिद कुरेशी अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति बचेली के आदेशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति बचेली व्यवहार न्यायालय बचेली द्वारा अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बचेली के प्राचार्य देवेन्द्र सोनी एवं डॉ. तरुण सिंह, शिवकुमार बंगवीर, ईवी लाल, वैष्णव ठाकुर, मुकुंदराम, धर्मेंद्र सिन्हा समेत अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

कम्यूनिटी हॉल में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

रामानुजगंज/नवप्रदेश। अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्थानीय लरंगसाय कम्यूनिटी हॉल में नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल, पार्षद अशोक जयसवाल, एसडीएम गौतम सिंह, तहसीलदार विनीत सिंह सहित अधिकारी कर्मचारियों नागरिकों की उपस्थिति में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां सभी ने योग प्रशिक्षक की उपस्थिति में योग किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि हम सबको योगाभ्यास अपने नियमित दिनचर्या में सम्मिलित करना चाहिए योग से तन के साथ मन भी स्वस्थ रहता है। योग करने से निरोगी काया रहती है। एसडीएम गौतम सिंह ने भी योग के महत्व पर प्रकाश डाला। योग प्रशिक्षक राजेश प्रजापति एवं विष्णु देव पांडे के उपस्थिति में योगाभ्यास करवाया गया। इस दौरान सीएमओ दीपक एक्का, मंडी सचिव वीरेंद्र ठाकुर, पार्षद विजय रावत,कौशल जयसवाल, मंडल संयोजक ओमप्रकाश गुप्ता, विद्युत विभाग से अक्षय सिंह, उप अभियंता, विनोद यादव, डॉ विकास जायसवाल, आशीष गुप्ता सहित नगरवासी उपस्थित रहे।

जिले में खरीफ फसलों की सुरक्षा के लिए रोका-छेका अभियान प्रारंभ

- पशुपालकों से पशुधन को गौठान तक छोड़ने की अपील

मुंगेली/नवप्रदेश। राज्य शासन के निर्देशानुसार गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी खरीफ फसलों की सुरक्षा के लिए रोका-छेका अभियान प्रारंभ हो गया है। इस हेतु कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने पशुपालकों से पशुधन को गौठान तक छोड़ने की अपील की है। उन्होंने अपने अपील में पशुपालकों से कहा है कि जिले में किसान खेती किसानी में जुट गए हैं। खरीफ फसलों की बुवाई शुरू हो गई है। फसलों की बुवाई के बाद फसलों की देखभाल एवं सुरक्षा महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि गौठानों में पशुओं की देखभाल, छाया एवं उनके चारे पानी और चिकित्सक की उचित व्यवस्था की गई है। अतः उन्होंने पशुपालकों से पशुधन को गौठान तक छोड़ने की अपील की है।

लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

बैठक में कलेक्टर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत राज्य शासन द्वारा अलग-अलग प्रकार की प्राकृतिक विपदाओं में दी जाने वाली आर्थिक सहायता के बारे में जानकारी प्राप्त की। बैठक में उन्होंने कहा कि पानी में डूबने, आग से जलने, आकाशीय बिजली आदि प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस को 04 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि दी जाती है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रकरणों में किसी भी प्रकार की लापरवाही और उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे प्रकरणों का निराकरण कर संबंधितों को शीघ्र आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने डायवर्सन, भू-अर्जन, आधार पंजीयन, मोबाईल पंजीयन, किसान-किताब, जेंडर, अभिलेखों की शुद्धता, डिजिटल सिग्नेचर सत्यापन, ई-कोर्ट आदि की प्रकरणों की भी समीक्षा की और संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिए।

जनचौपाल आयोजित करने के निर्देश

बैठक में कलेक्टर ने आमलोगों की मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा आयोजित की जा रही जनचौपाल में राशन, पेंशन, बिद्युत, पेयजल, राजस्व प्रकरण, जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र आदि से संबंधित प्राप्त एवं निराकृत प्रकरणों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने आमलोगों की मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए ग्रामों में प्रत्येक सप्ताह जनचौपाल आयोजित करने के निर्देश दिए।

स्वस्थ तन और उत्साहित मन के लिए नियमित करें योग : राजेश

- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर टाउन हॉल में किया गया सामूहिक योगाभ्यास

जगदलपुर/नवप्रदेश। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी सभागार टाउन हॉल में सामूहिक योगाभ्यास किया गया। जिला प्रशासन, आयुष विभाग और नगर निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित योग आयोग के सदस्य राजेश नारा ने स्वस्थ तन और उत्साहित मन के लिए योग को अपने जीवनचर्या में शामिल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को स्वयं योग करने के साथ ही अपने परिचितों को भी योग के लिए प्रेरित करना चाहिए। संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा कि योग मन को शांत करता है, जो शरीर के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अत्यंत तनावग्रस्त रहते हैं, जिससे बीमारियों से घिर जाते हैं। समय के अभाव के कारण वे अपने स्वास्थ्य पर भी ध्यान नहीं दे पाते। स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन आधा घंटा योग करके भी स्वस्थ जीवन का आनंद लिया जा सकता है। महापौर सफ़ीरा साहू ने कहा कि आज की जीवनशैली में अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग को अत्यंत आवश्यक बताया। पद्मश्री धर्मपाल सैनी ने बताया कि वे तीसरी कक्षा से नियमित तौर पर योग कर रहे हैं। उन्होंने वृद्धावस्था में भी शरीर की स्फूर्ति और सक्रियता के लिए योग को महत्वपूर्ण कारण बताया।

लट्ठीपारा स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

कांकेर/नवप्रदेश। आठवां योग दिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला लट्ठीपारा के समस्त स्टॉफ शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, महिला स्व-सहायता समूह के सदस्यों एवं विद्यार्थियों द्वारा प्रातः 7 से 8 बजे तक योग्याभ्यास किया गया। सुशीला गढ़पाले प्रधानपाठक माध्यमिक शाला लट्ठीपारा, जान बाई नेताम प्रधानपाठक प्राथमिक शाला लट्ठीपारा, कमलेश साहू संकुल समन्वयक कंकालीनपारा, योग शिक्षक उमेश डहरिया एवं शिक्षकों द्वारा बच्चों को योग का महत्व समझाया गया एवं इसे दैनिक जीवन में अपनाने कहा गया। इस अवसर पर बच्चों को पौष्टिक आहार दिया गया।

भाजपा मंडल चारामा ने मनाया अंतराष्ट्रीय योग दिवस

रामा/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी मंडल चारामा द्वारा अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम चारामा में कार्यकर्ताओं एवं प्रबुद्ध नागरिकों के साथ योगाभ्यास, प्राणायाम , शारीरिक व्यायाम का अभ्यास किया गया, इस योग अभ्यास के कार्यक्रम प्रभारी के रूप में मंडल भाजयुमो कार्यसमिति सदस्य दिनेश देवांगन ने योग शिक्षक के रूप में सर्वप्रथम प्रोटोकाल के अनुरूप शारीरिक व्यायाम, यौगिक - जौगिक 1 घंटे कराया, तत्पश्चात प्राणायाम 30 मिनट व भ्रामरी - उदगित के बाद शांति पाठ के साथ यौगिक क्रियाओं का समापन हुआ। सभी ने हास्यासन का भी भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश जोतवानी ने योग दिवस की बधाइयाँ प्रेषित कर राष्ट्र के सभी नागरिकों को निरोगी व स्वस्थ्य रहने के लिये योग को अपने जीवन मे निरन्तर उपयोग करने की अपील की। सभी को सबोधित कर कार्यक्रम समापन की घोषणा करते हुए आए हुए महामंत्री भाजपा ओमप्रकाश साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष अंकित जैन के साथ पोहा चाय के रूप में स्वल्पाहार वितरण किया।

मानवता के लिए योग थीम पर मनरेगा श्रमिकों ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

बैकुंठपुर/नवप्रदेश। भारतीय संस्कृति में अपनी अलग पहचान रखने वाले योग का महत्व अब सारे विश्व में प्रचलित हो चला है। योग के लाभ से अब हर कोई परिचित है और महामारी के दौर में इसका विशेष महत्व हो चला है। इस अनूठे लाभकारी अभ्यास से सभी को जोड़ने के लिए सारे विश्व में 21 जून को योग दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इसी अनुक्रम में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के राज्य कार्यालय से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप जिले के सभी ग्राम पंचायतों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीणों व बच्चों के साथ महात्मा गांधी नरेगा श्रमिकों ने भी उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत सीइओ ने बताया कि राज्य कार्यालय द्वारा सभी ग्राम पंचायतों में योग दिवस के अवसर पर मनरेगा श्रमिकों को भी इस अभियान से जोड़ने के प्राप्त निर्देशों के अनुरूप जिले के सभी ग्राम पंचायतों में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। आठवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मानवता के लिए योग थीम के अनुसार सभी जगहों पर इसका आयोजन किया गया। इसके साथ ही विभिन्न मनरेगा कार्यस्थलों पर भी पंजीकृत मनरेगा श्रमिकों ने योगाभ्यास किया। राज्य शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार एक नियत समय में सभी ग्राम पंचायतों में व मनरेगा कार्यस्थलों पर योगाभ्यास का आयोजन किया गया। इसके बाद माननीय प्रधानमंत्री द्वारा ग्राम पंचायत के सरपंचों के नाम से प्रेषित संदेश भी स्थानीय जनों को पढ़कर सुनाया गया। बैकुण्ठपुर सहित भरतपुर, खड़गंवा, मनेन्द्रगढ़, सोनहत में भी ग्राम स्तर पर इसके आयोजन में स्थानीय नागरिकों, बुजुर्गों और बच्चों ने पूरी सहभागिता की। ग्राम पंचायत जिलीबांध में सर्वाधिक 200 से ज्यादा श्रमिकों ने अमृत सरोवर योजना के कार्यस्थल पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर सामूहिक योग अभ्यास किया।

तेज आंधी तूफान से कई मकानों व गौठान और मुर्गी शेड के सीट उड़े

बीजापुर/नवप्रदेश। जिले के तहसील उसूर मु.आवापल्ली ब्लाक अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत नुकनपाल क्षेत्र के चेरामंगी गांव मे बीती रात को तेज हवा तूफान का कहर बरपाया। राकेश सोडी पिता रामा का घर मे 20 सीट, धान 5 नग, 1 बोरी सहित कई मकानों के सीट के छत उड़ गए तो वहीं सरकारी संपति गाय गौठानों, मुर्गी शेड, आंगनबाड़ी केंद्र जो बनाए गए थे जिसकी कई सीट उड़ गए। बताया जा रहा है कि कुछ कच्चे मकान निर्मित कर जिसमें सीट च्वाई किया गया था। वह भी पूरी तरह हवा में उड़ने से टूट कर बिखर गए। क्षेत्र के वेंकटेश बुर्का सचिव से फोन पर संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि तेज तूफान से ग्रामीणों के कुछ मकान व शासकीय बने भवनों के सीट उड़े। जिसकी पंचनामा स्थानीय ग्रामीणों की मौजूदगी में बनाया गया।

अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर पूरे विश्व के स्वास्थ्य के लिए की गई मंगल कामना

कांकेर/नवप्रदेश। पैराडाइज स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्री-प्रायमरी, प्रायमरी, मिडिल, हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के छात्रों के साथ सभी शिक्षकों ने योगाभ्यास कर अपने जीवन को स्वस्थ निरोग एवं विश्व शान्ति, भाईचारा, विश्व के लिए एकता एवं अखण्डता का संदेश दिया। प्राचार्य रश्मि रजक सहित सभी शिक्षकों ने योगाभ्यास में भाग लेकर सर्वेभवन्तु सुखिनः का संदेश दिया। व्यायाम शिक्षिका रामेश्वरी साहू के निर्देशन में ध्यान, ऊँ का उच्चारण, गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र, सरस्वती वंदना, अनुलोम-विलोम, तितली आसन, गोमुखासन, कोणासन, द्विकोणासन, त्रिकोणासन, वृक्षासन, तड़ासन एवं सूर्यनमस्कार कर ध्यान की अवस्था में सारे संसार के लिए मंगल कामना करते हुए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर लगभग 700 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने योगाभ्यास कर विश्व स्वास्थ्य लाभ का संदेश दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के छात्र-छात्राओं में विश्व योग दिवस के अवसर को अति महत्वपूर्ण बनाने में अपना अमूल्य योगदान प्रदान किया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर किया गया सामूहिक योगाभ्यास

कांकेर/नवप्रदेश। आठवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिले के शैक्षणिक संस्थाओं, आश्रम-छात्रावासों, जेल परिसर में सामूहिक योगाभ्यास किया गया। जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपाध्यक्ष मनोज मण्डावी के मुख्य आतिथ्य में शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में आयोजित किया गया। जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिस के जवानों, शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं ने सामूहिक योग किया। सामूहिक योग कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मण्डावी ने कहा कि योग भारतीय जीवन शैली की प्राचीन पद्धति एवं ऋषि-मुनियों की साधना है, जिसे पूरे विश्व ने योग के रूप में अपनाया है। आज हम आठवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं। योग एक साधना है, स्वस्थ रहने के लिए इसे अपने जीवन में अपनायें। तन और मन को स्वस्थ रखने के लिए योग अति आवश्यक है, इससे कई प्रकार की बीमारियों से छुटकारा मिलता है। कलेक्टर चन्दन कुमार ने योग कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं। योग भारत की देन है, निरोगी काया के लिए प्रतिदिन योगा करना चाहिए। इसके फायदे को देखते हुए विश्व ने इसे अपनाया है। स्वास्थ्य के लिए यह बहुत अच्छा है। यह एक ऐसा अभ्यास है, जिसे हम कहीं पर भी रहकर कर सकते हैं। योगाभ्यास से शारीरिक, मानसिक एवं मनोवैज्ञानिक रूप से स्वयं को स्वस्थ्य रख सकते हैं। आप प्रतिदिन योगाभ्यास अवश्य करें। सामूहिक योग कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, पुलिस के जवानों, शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं ने सामूहिक योगाभ्यास एवं प्राणायाम किया। योग शिक्षक मोहन सेनापति और कुश कुमार साहू द्वारा विभिन्न योग क्रियाओं जैसे -शिथलीकरण, ग्रीवाचालन स्कंध संचालन, सूर्य नमस्कार कटि चालन, घुटना चालन, ताड़ासन पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन भद्रासन, वज्रासन, शशकासन उत्तानमंडूकासन, वक्रासन, मकरासन भुजंगासन, शलभासन, सेतुबंधासन उत्तानपाद आसन, अर्धहलासन पवनमुक्तासन श्वासन, कपालभाति अनुलोम-विलोम, प्राणायाम इत्यादि का योगाभ्यास कराया गया।

परिवार की सेहत को दुरुस्थ रखना है तो आज से ही शुरू कर दें योग : शोरी

कांकेर/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कांकेर विधायक शिशुपाल शोरी ने कहा कि परिवार की सेहत को दुरुस्थ रखना है तो आज से ही शुरू कर दे योग। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जनमानस को संदेश देते हुए योगासन के फायदे को बताते हुए कहा कि योग ऐसी प्राचीन पद्धति है जिसे करने से न सिर्फ शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि जीवन में भी सकारात्मकता बनी रहती है। इसलिए योग को दैनिक दिनचर्या ममें शामिल करना बहुत जरूरी है। आज के दौर में बेहतर फिटनेस के लिए लोग कई तरह के जतन करते हैं। कुछ लोग तो इसके लिए दवाइयों का इस्तेमाल भी करते हैं। हालांकि, योग और एक्सरसाइज के जरिए आप खुद को तंदुरुस्त रख सकते हैं। खुद को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट और तंदुरुस्त रखना चाहते हैं, तो आपको हर दिन कुछ वक्त योग और एक्सरसाइज के लिए निकालना चाहिए। योग के माध्यम से जटील से जटील बीमारियों एवं शारीरिक कठिनाईयों से निजात मिल सकता है।

योग मनुष्य का शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक ऊर्जा को बढ़ाता है : कंचन

चिरमिरी/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम चिरमिरी के तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर चिरमिरी महापौर कंचन जायसवाल की उपस्थिति में योग दिवस मनाया गया। जिसमें नगर निगम समेत स्वास्थ्य एवं पुलिस विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे। नगर निगम के द्वारा शासकीय लाहिड़ी महाविद्यालय के ग्राउण्ड प्रांगण नगर निगम की महापौर कंचन जायसवाल, निगम के एमआईसी पार्षद समेत अधिकारीगण ने योग की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास की। 8वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस नगर निगम के तत्वाधान में किया गया जिसमें प्रातः सुबह 7 से 8 बजे तक योग आयोग के गुरु अरुण वर्मा के द्वारा सभी को योगाभ्यास कराया गया। महापौर कंचन जायसवाल ने बताया कि योग करने से शरीर रोग मुक्त होता है, योग को शरीर, मन चिंतन की शुद्धि के लिए अपनाना चाहिए,उन्होंने कहा कि योग मनुष्य की शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक ऊर्जा को बढ़ाता है, यह के व्यायाम नही वरन जीवन की दृष्टि से जुड़ा हुआ है। इस दौरान एमआईसी संदीप सोनवानी, पार्षद इकराम, योग आयोग के गुरु अरुण वर्मा, नगर निगम आयुक्त बिजेंद्र सिंह, सचिन अग्रवाल, रामबाबू अग्रवाल व अन्य आमजनमानस मौजूद रहे।

गरीबों के आवास में डाका!

बिल्डर बेच रहे ईडब्ल्यूएस की जमीन

■ एक ही जमीन को दो बार रजिस्ट्री करने की शिकायत आ रही सामने

नवप्रदेश लगातार

रायपुर/नवप्रदेश। बिल्डरों द्वारा एक ही जमीन को दो बार रजिस्ट्री किए जाने के मामले की शिकायत जहां लगातार बढ़ रही है तो वहीं कुछ बिल्डरों द्वारा सरकार की महत्वपूर्ण योजना ईडब्ल्यूएस की आरक्षित जमीन का भी बेचे जाने की चर्चा नगर के चौक चौराहों पर होने लगी है। उल्लेखनीय है कि ई डब्ल्यूएस कमजोर आय वर्ग के लोगों के लिए सरकार द्वारा बिल्डरों द्वारा निर्माण किए जाने वाली भूमि के कुछ अंश को आरक्षित करने के नियम है ताकि कमजोर आय वर्ग के लोगों की जीवनशैली को ऊंचा उठा कर उन्हें तालाब किनारों अथवा सुनसान जगहों से हटाकर व्यवस्थित ढंग से सरकार द्वारा पक्के आवास उपलब्ध कराए जा सके। परंतु नवप्रदेश की पड़ताल में यह बात सामने आई है कि कांग्रेस सरकार के पूर्व बने बिल्डरों की आवासों में ईडब्ल्यूएस की जगह को बिल्डरों द्वारा सांठगांठ कर बेच दिया गया है। ऐसी स्थिति में अगर सूक्ष्मता से जांच कराई जाती है तो अरबों रुपए के घोटाले का पर्दाफाश हो सकता है। अवगत हो कि राजधानी में लगातार बिल्डरों की शिकायत बढ़ती चली जा रही है। बावजूद इसके कठोर कार्यवाही ना होने के कारण आम जनता जहां लगातार इन बिल्डरों के प्रलोभन में आकर अपनी जमा पूंजी गंवा रही है। यह बिल्डर मुट्ठी भर लोगों से सांठगांठ कर अरबों रुपए का वारा न्यारा कर रहे हैं।

अपनी जेबें भरने में लगे हैं बिल्डर

आश्चर्यजनक बात तो यह है सरकार के निर्धारित मापदंड को दत्ता बनाते हुए यह प्रचार अपना जेब भरने में लगे हुए हैं। परंतु संबंधित विभाग के धूल पुल रवैया के कारण गरीबों को बनने वाले आवासों से वंचित होना पड़ रहा है। केंद्र एवं राज्य सरकार की बेहद ही महत्वपूर्ण योजना ईडब्ल्यूएस के लिए जगह छोड़नी होती है जिसका उल्लेख बकायदा तमाम विभाग के नसों में एनओसी लेने के पूर्व किया जाता है जिसके उपरांत ही बिल्डर को निर्माण की अनुमति प्रदान की जाती है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पूर्व में अन्य को बिल्डरों ने नक्शे न में तो छोड़ी गई, जगह का उल्लेख किया है। परंतु निर्माण के कुछ समय उपरांत टुकड़ों-टुकड़ों में उस जगह को पुनः बेच दिया है जो कि सीधे-सीधे गरीबों के अधिकारों में डाका डालने के साथ ही सीधे-सीधे सरकार के साथ ही छलावा किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में बिल्डरों पर नकेल कसे जाने की सतत आवश्यकता है।

सीमांकन होने पर होगा बड़ा खुलासा

राजधानी बनने के उपरांत कितने बिल्डरों ने कितने आवास बनाए हैं तथा ईडब्ल्यूएस के अंतर्गत कितनी जमीन छोड़ी गई है। बिल्डरों द्वारा निर्माणाधीन कालोनियों की अगर सुष्मिता से सीमांकन कराया जाता है तो दूध का दूध और पानी का पानी सामने आ जाएगा कि किस तरह से अन्य को बिल्डर ने सरकारी जमीन के अलावा जमीन भी बेच डाली है। कॉलोनियों में निवास करने वाले नो प्रदेश के पाठकों की माने तो ज्यादातर बिल्डरों ने नक्शा पास कराने के दौरान कालोनियों में निवासरत रहने वाले लोगों को जो सुविधाओं का सपना दिखाया है ना तो उसे पूरा किया जा रहा है और ना ही सरकार ने जिस गाइडलाइन के अंतर्गत इन्हें निर्माण की अनुमति प्रदान की है। उस गाइडलाइन के अनुसार रखी नहीं किया जा रहा है नक्शे में जो जगह लोगों के साथ लेने के लिए पूरी दिखाई गई है अनु को बिल्डरों द्वारा तो उस जगह को भी निर्भीकता पूर्वक भेज दिया गया है। ऐसी स्थिति में अगर जांच कराई जाती है तो सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व के साथ-साथ इन आवासों में निवासरत लोगों को तमाम सुविधाएं मिल सकती है। आवश्यकता है तो केवल इन बिल्डरों पर नकेल कसने के साथ ही बिल्डरों द्वारा बसाई गई कॉलोनियों की उच्च अधिकारियों के उपस्थिति में सीमांकन कराए जाने की।

■ न्यूज गैलरी

देवरानी-जेठानी आपस में भिड़े

रायपुर/नवप्रदेश। कालीनगर पंडरी में मामूली विवाद पर देवरानी-जेठानी आपस में भिड़े। दोनों पक्षों की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थिया तारा यादव 20 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि उसके जेठानी आरोपी उषा यादव ने गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थिया उषा यादव 24 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि उसकी देवरानी तारा यादव ने उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

कलर्स माल के बाहर खड़ी मोपेड पार

रायपुर/नवप्रदेश। कलर्स माल के बाहर खड़ी सूजुकी एक्सेस मोपेड को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। प्रार्थिया की शिकायत राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थिया विद्यालक्ष्मी साहू 24 वर्ष एकता नगर मोवा की रहने वाली है। प्रार्थिया कलर्स माल आई थी, जहां अपनी एक्सेस वाहन क्रमांक सीजी 04 डीवाय 9858 को माल के बाहर खड़ी किया था, जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

फर्जी तरीके से जमीन करा ली अपने नाम

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम गिरौद स्थित जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर अपने नाम कराने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थिया ज्योति अग्रवाल भैंसथान रोड आजाद चौक की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया के नाबालिग पोता शरण अग्रवाल पिता राधेगोपाल अग्रवाल के नाम पर ग्राम गिरौद में 0.465 हेक्टेयर जमीन है। जिसका फर्जी दस्तावेज व हस्ताक्षर आरोपी मंदीप सिंह गिल, बलजीत सिंह चावला, तजेंद्र सिंह सलूजा ने अपने नाम करवा लिया। प्रार्थिया को जब जानकारी मिली तो उसने इसकी शिकायत धरसींवा थाने में की। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471, 120 बी, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

महिला को दी मारने की धमकी

रायपुर/नवप्रदेश। थाने में किए गए शिकायत को वापस लेने की बात को लेकर एक युवक ने महिला से गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थिया की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थिया भूखिन बाई 37 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी जीतेंद्र ठाकुर उसके घर आया और थाने में किए केश को वापस ले लो कहते हुए प्रार्थिया से गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर डंडे से लाइट को मारकर तोड़ दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 456, 294, 506, 427 के तहत अपराध दर्ज किया है।

शराब सेवन करते दो गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। शराब सेवन करते दो युवक को सिविल लाइन पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार कल रात पंडरी शराब दुकान के पास आरोपी त्रिनाथ सोना 30 वर्ष व ललीत गुप्ता 30 वर्ष को अवैध रूप से शराब पिलाते गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट 36 सी के तहत कार्रवाई की है।

लड़की को शादी का झांसा देकर भगाया

रायपुर/नवप्रदेश। शादी का झांसा देकर अज्ञात व्यक्ति ने नाबालिग लड़की को भगा ले गया। प्रार्थी की शिकायत पर सेजबहार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम दतरेंगा निवासी प्रार्थी ने थाने में शिकायत किया कि अज्ञात व्यक्ति ने उसकी 17 वर्षीय पुत्री को भगा ले गया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। खरोरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 30 पाव देशी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। बता दें कि पकड़े गए आरोपी का नाम गोपी साहू 28 वर्ष निवासी पाडाभाठा है। पुलिस ने आरोपी के पास 30 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट 34-2 के तहत कार्रवाई की है।

स्टापडेम बनाने 2.94 करोड़ स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन ने रायपुर जिले के विकासखण्ड - आरंग के ग्राम बनरसी के पास पतालू नाला में स्टाप डेम निर्माण के लिए दो करोड़ 94 लाख 24 हजार रूपये स्वीकृत किये हैं। स्टाप डेम निर्माण की मांग क्षेत्रीय किसानों द्वारा की जा रही थी। प्रदेश के नगरीय प्रशासन, विकास तथा श्रम मंत्री और क्षेत्रीय विधायक डॉ. शिवकुमार डहरिया के प्रयास से स्टाप डेम स्वीकृत किया गया। स्टाप डेम बन जाने पर क्षेत्रीय को किसानों सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होगा। किसानों के स्वयं के साधन द्वारा स्टाप डेम से जल मिलेगा जिसमें करीब 102 हेक्टेयर क्षेत्र में उन्हें सिंचाई सुविधा मिलेगी। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से स्टाप डेम निर्माण कार्य कराने के लिए मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार जल संसाधन विभाग रायपुर को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

3.21 लाख किसानों ने दी अन्य फसल लेने की सहमति

रायपुर/नवप्रदेश। खरीफ2022 में धान के बदले अन्य फसलों के क्षेत्राच्छान को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रेरित किया जा रहा है। इस साल 5 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में धान की प्रचलित किस्मों के स्थान पर धान की विशेष किस्मों यथा सुगंधित धान, जिंक धान एवं जैविक धान तथा अन्य फसलों जैसे-मक्का, कोटो-कुटकी, रागी, अरहर, उड़द, मूंग, तिल, रामतिल, सोयाबिन एवं गन्ना को बढ़ावा देने के लिए विशेष कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस विशेष कार्यक्रम के तहत अब तक राज्य के 3 लाख 21 हजार किसानों द्वारा एक लाख 70 हजार हेक्टेयर रकबे में धान के बदले अन्य फसल लेने की सहमति दी गई है। सहमत किसानों में से 10,847 किसानों द्वारा लगभग 8,762 हेक्टेयर में क्षेत्र में गन्ना एवं अन्य उद्यानिकी फसलों की बोनी की गई है।

शुरू हुआ डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा लोगों को किया जाएगा जागरूक

■ छह माह से पांच वर्ष तक के बच्चों वाले घरों में ओआरएस पैकेट बांटे जाएंगे

रायपुर/नवप्रदेश। बच्चों में डायरिया को रोकने और इसकी रोकथाम के लिए प्रदेश में 21 जून से 5 जुलाई तक गहन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस दौरान सभी स्वास्थ्य केंद्रों में ओआरएस-जिंक कॉर्नर की स्थापना के साथ ही लोगों को डायरिया के बारे में जागरूक करने कई गतिविधियां संचालित की जाएंगी। डायरिया शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों में मृत्यु के मुख्य कारणों में से एक है। इसके शीघ्र उपचार से बाल मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है। स्वास्थ्य विभाग में बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के उप संचालक डॉ. वी.आर. भगत ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों तथा सिविल सर्जन्स को सभी विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारियों और

विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधकों को गहन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा के दौरान संचालित किए जाने वाले कार्यक्रमों व गतिविधियों की जानकारी देने तथा आवश्यक समन्वय के लिए निर्देश पत्र जारी करने कहा गया है। उन्होंने बताया कि सभी एएनएम और मितानिनों को डायरिया केस प्रबंधन, उपचार, काउंसलिंग पर प्रशिक्षण तथा अभियान के दौरान उनके द्वारा की जाने वाली गतिविधियों के लिए निर्देशित करने और आईडीसीएफ टूलकिट प्रदान करने कहा गया है। सभी स्वास्थ्य केन्द्रों के टंकियों की सफाई के भी निर्देश दिए गए हैं। अपने-अपने जिलों के लिए ओ.आर.एस. और जिंक टेबलेट का उठाव करते हुए इनका वितरण सुनिश्चित करने भी कहा गया है।

प्रचार प्रसार के दिए गए निर्देश

स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीएमएचओ और सिविल सर्जन्स को कोरोना संक्रमण के प्रति सतर्कता बरतते हुए दीवार लेखन, सोशल मीडिया एवं प्रचार-प्रसार के विभिन्न माध्यमों के जरिए डायरिया के रोकथाम एवं नियंत्रण की जानकारी लोगों तक पहुंचाने कहा गया है। विभाग ने गहन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा के आयोजन में महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत विभाग, स्थानीय प्रशासन, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन तथा विभिन्न विभागों के साथ काम कर रहे डेवलपमेन्ट पार्टनर्स का सहयोग लेने के निर्देश दिए हैं। साथ ही निजी अस्पतालों व आई.ए.पी., आई.एम.ए. जैसी निजी एजेंसियों को भी इसमें शामिल करने कहा है।

छत्तीसगढ़ ने केन्द्रीय पूल में जमा किया 48.13 लाख मीट्रिक टन चावल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ द्वारा केन्द्रीय पूल के कोटे का चावल जमा कराए जाने का सिलसिला तेजी से जारी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश के परिपालन में खाद्य एवं मार्कफेड द्वारा उपार्जन केन्द्रों एवं संग्रहण केन्द्रों से धान का उठाव का काम पूरा हो चुका है। कस्टम मिलिंग और केन्द्रीय पूल में चावल जमा कराए जाने का काम युद्ध स्तर पर जारी है। यही वजह है कि छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा अब तक केन्द्रीय पूल में 48.13 लाख मीट्रिक टन चावल जमा कराया जा चुका है। चावल जमा कराने के मामले में छत्तीसगढ़ देश के अग्रणी राज्यों में से एक है जिसमें अपने कोटे का लगभग दो तिहाई से अधिक हिस्से का चावल जमा कर दिया है। इस वर्ष छत्तीसगढ़ को केन्द्रीय पूल में कुल 61.65 लाख मीट्रिक टन अरवा चावल देना है। इस लक्ष्य को हासिल करने राज्य में विशेष रणनीति तैयार की गई, जिसके चलते समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के साथ-साथ उपार्जन केन्द्रों से धान के उठाव एवं कस्टम मिलिंग का काम भी अनवरत रूप से जारी रहा। परिणाम स्वरूप मानसून आने से पहले ही राज्य के सभी 2484 उपार्जन केन्द्रों से लगभग शत-प्रतिशत धान का उठाव हो चुका है। कस्टम मिलिंग का काम तेजी से कराया जा रहा है। जिसके चलते चावल जमा करने में इस साल छत्तीसगढ़ अपने लक्ष्य को हासिल करने के करीब पहुंच गया है। खाद्य विभाग के सचिव टोपेश्वर वर्मा ने बताया कि राज्य में कस्टम मिलिंग के लिए अब तक 97.93 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है, जो कि समर्थन मूल्य पर क्रय किए गए 98 लाख मीट्रिक टन धान का लगभग शत-प्रतिशत है। केन्द्रीय पूल में 48.13 लाख मीट्रिक टन चावल जमा कराया जा चुका है, जिसमें भारतीय खाद्य निगम में 24.80 लाख मीट्रिक टन और नागरिक आपूर्ति निगम में 23.32 लाख मीट्रिक टन चावल शामिल है।

एनटीपीसी सीपत में 8वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास

बिलासपुर/नवप्रदेश। एनटीपीसी सीपत में दिनांक 21 जून 2022 को 8वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन सामुदायिक भवन में किया गया। जिसमें बाल भारती पब्लिक स्कूल एनटीपीसी सीपत, की योग शिक्षिका द्वारा योग के विभिन्न आसन एवं प्राणायामों का अभ्यास कराते हुए इनसे मिलने वाली शारीरिक एवं मानसिक फायदों की जानकारी दी गई। इस वृहद योगाभ्यास में परियोजना प्रमुख श्री घनश्याम प्रजापति, मुख्य महाप्रबंधक (सीपत), श्री कमलाकर सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (सीपीजी-2), अन्य सभी महाप्रबंधकगण, अध्यक्षा संगवारी महिला समिति, श्रीमती सरोज प्रजापति, उपध्यक्षा श्रीमती अनिता सिंह, संगवारी महिला समिति की पदाधिकारीगण, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के डिप्टी कमांडेंट एवं बल के जवान, बाल भारती, पब्लिक स्कूल एनटीपीसी सीपत के प्राचार्य एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं, यूनियन-एसोसिएशन के प्रतिनिधिगण तथा नगर परिसर के कर्मचारीगण एवं परिजनों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

इस अवसर पर परियोजना प्रमुख श्री प्रजापति, ने संबोधित करते हुए कहा कि उत्तम स्वास्थ्य हमारे जीवन कि बहुमूल्य पूंजी है, इसे स्वस्थ बनाए रखने के लिए योग एवं प्राणायाम सबसे सरल अभ्यास है। इससे शारीरिक एवं मानसिक रूप से हम सदैव तंदरुस्त रह सकते हैं। अतः प्रतिदिन हम सबको योग एवं प्राणायाम नियमित रूप से करना चाहिए।

लोकपाल ने दिया पूर्व उप संचालक कृषि पर लाखों रुपए की रिकवरी व जुर्माना का आदेश

■ फर्जी मस्टररोल व बिल के जरिए राशि हजम करने का मामला, वर्तमान में जीपीएम में पदस्थ हैं अफसर

बैकुंठपुर/नवप्रदेश। फर्जी मस्टररोल व बिल से सरकारी राशि हजम करने के मामले में जांच के बाद लोकपाल अपीलीय प्राधिकरण मनरेगा रायपुर ने तत्कालीन कृषि उप संचालक हरि सिंह राजपूत से 201696 रुपए रिकवरी और 1000 रुपए जुर्माना लगाया है। वर्तमान में यह अधिकारी गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में कार्यरत हैं। जानकारी के अनुसार शिकायत में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत जिल्दा जनपद पंचायत खड़गवां जिला कोरिया में मनरेगा योजना के तहत स्वीकृत अर्जुन पौध नर्सरी कार्य में 16 लाख की स्वीकृति उप संचालक कृषि बैकुण्ठपुर को दिया गया था। उक्त कार्य में कूटरचित कर फर्जी बिल व्हाउचर मस्टररोल लगाकर शासकीय राशि का दुरूपयोग करने की शिकायत पेश की। शिकायतकर्ता रामप्रताप साहू के द्वारा हस्ताक्षरयुक्त लिखित शिकायत देने के बाद जांच की गई। जांच में शिकायत सही पाए जाने पर 93500 रुपए निर्माण एजेन्सी से वसूली एवं फर्जी हाजिरी पाये जाने पर 108196 रूपये (एक लाख आठ हजार एक सौ छियानबे) की वसूली अनावेदक से वसूल कर उक्त राशि दो माह के भीतर जमा करने के लिये निर्माण कार्य करने वाले अनावेदक द्वारा आरके वैष्णव सर्वेयर के देखरेख में तथा मेट श्रवण कुमार के द्वारा कार्य कराया गया है।

कोरिया लोकपाल से पांच बार नोटिस जारी

जानकारी अनुसार नोटिस जारी होने के बाद भी पूर्व कृषि उप संचालक हाजिर नहीं हुए थे, जिसे अवमानना माना गया। लोकपाल अपीलीय प्राधिकरण मनरेगा रायपुर के पारित आदेश में उल्लेख है कि लोकपाल कोरिया द्वारा मामले में अनावेदक उपसंचालक कृषि हरि सिंह राजपूत को पांच बार नोटिस जारी किया गया था। बावजूद अनावेदक उप संचालक एक बार भी कार्यालय में उपस्थित नहीं हुआ। बार-बार नोटिस देने पर भी कार्यालय में उपस्थित नहीं होकर लोकपाल कार्यालय की अवमानना की गई है। बावजूद लोकपाल कोरिया द्वारा अनावेदक हरिसिंह राजपूत को दोषमुक्त करना संदेह प्रदर्शित करता है। अनावेदक द्वारा पत्र के माध्यम से संदर्भ में जवाब पेश किया है। जिसका लोकपाल कोरिया द्वारा अवार्ड में उल्लेख नहीं कर अनदेखा किया गया है। वहीं अनावेदक द्वारा अपने जवाब में कहीं भी अपीलार्थी आरके वैष्णव सर्वेयर एवं मेट श्रवण कुमार का उल्लेख नहीं किया गया है।

आरटीआई कार्यकर्ता ने रायपुर में की थी शिकायत

मामले में आरटीआई कार्यकर्ता रामप्रताप साहू ने लोकपाल कोरिया, लोकपाल अपीलीय प्राधिकरण मनरेगा रायपुर को शिकायत सौंपी थी। प्रकरण में आवेदक ने मस्टररोल प्रस्तुत की थी। मामले में लोकपाल अपीलीय प्राधिकरण मनरेगा रायपुर ने सुनवाई की। जिसमें बिल नम्बर 55, पृष्ठ संख्या 202 में मनीराम एवं कंचनिया की फर्जी हाजिरी 7-7 दिन का अंकित होना पाया गया है। मस्टररोल में दोनों के हस्ताक्षर अंकित नहीं हैं। इसी मस्टररोल पृष्ठ संख्या 145 में 10 मजदूरों का फर्जी हाजिरी भरा जाना पाया गया है। इस मस्टररोल का किसी भी मजदूर का हस्ताक्षर अंकित नहीं है। इसी मस्टररोल में मजदूरों की 7-7 दिन की हाजिरी भरा गया है। जबकि सप्ताह में सात दिन में एक दिन अवकाश रहता है। सप्ताह में 6 दिन ही काम कराए जाने का नियम है। मस्टररोल पृष्ठ संख्या 140, 99, 55, 153, 101, 226 में मनीराम, कंचनिया तथा मस्टररोल पृष्ठ संख्या 166, 235 में कंचनिया मस्टररोल पृष्ठ संख्या 180, 249 में लक्ष्मीबाई, सीताकुंवर एवं मस्टररोल पृष्ठ संख्या 64, 144, 259, 261, 262, 208 में मजदूरों के हस्ताक्षर अंकित नहीं है।

कैम्पा मद से 392 करोड़ की स्वीकृत राशि से 38 लाख संरचनाओं का निर्माण प्रगति पर

■ वनांचल के 1962 छोटे-बड़े नालों में 8 लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि होगी उपचारित : अकबर

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार द्वारा संचालित सुराजी गांव योजना के तहत नरवा विकास कार्यक्रम अंतर्गत कैम्पा की वार्षिक कार्ययोजना 2021-22 में 392 करोड़ रूपए से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। इसमें 01 हजार 962 नालों के 8.17 लाख हेक्टेयर जल ग्रहण क्षेत्र में लगभग 38 लाख भू-जल संरक्षण संबंधी संरचनाओं का निर्माण प्रगति पर है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल और वन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में राज्य के वन क्षेत्रों में भू-जल संरक्षण तथा संवर्धन के लिए बड़े तादाद में जल स्त्रोतों, नदी-नालों और तालाबों को पुनर्जीवित करने का कार्य लिया गया है। कैम्पा की वार्षिक कार्ययोजना 2021-22 के तहत प्रदेश के दो राष्ट्रीय उद्यान, दो टाईगर रिजर्व, 01 सामाजिक वानिकी तथा 01 एलीफेंट रिजर्व सहित 30 वन मंडलों के नालों में भू-जल संवर्धन संबंधी संरचनाएं निर्मित की जा रही है। छत्तीसगढ़ राज्य प्रतिकरात्मक वनरोपण, निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (कैम्पा) मद से बनने वाली इन जल संग्रहण संरचनाओं से वनांचल में रहने वाले लोगों और वन्य प्राणियों के लिए पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। साथ ही नाले में पानी का भराव रहने से आस-पास की भूमि में नमी बनी रहेगी। इससे खेती-किसानी में सुविधा के साथ-साथ आय के स्त्रोत और हरियाली में भी वृद्धि होगी।

बिलासपुर संभाग में भी हो रहा निर्माण कार्य

इसी तरह वन मंडलवार बिलासपुर के 50 नालों में 96 हजार 850, मरवाही के 128 नालों में 2 लाख 48 हजार 516, कोरबा के 83 नालों में एक लाख 59 हजार 802 तथा कटघोरा के 50 नालों में 96 हजार 850 संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। रायगढ़ के 19 नालों में 36 हजार 415, धरमजयगढ़ के 86 नालों में एक लाख 65 हजार 613, जांजगीर-चांपा के 5 नालों में 9 हजार 685 तथा मुंगेली के 35 नालों में 68 हजार 614 संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है।

कांगेर घाटी व इंद्रावती टायगर रिजर्व में काम

इस संबंध में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख राकेश चतुर्वेदी ने बताया कि नरवा विकास योजना के तहत कैम्पा की वार्षिक कार्ययोजना 2021-22 के अंतर्गत गुरू घासीदास राष्ट्रीय उद्यान सरगुजा के 50 नालों में 96 हजार 850 तथा कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान जगदलपुर के 7 नालों में 13 हजार 559 संरचनाओं का निर्माण किया किया जा रहा है। इसी तरह इन्द्रावती टायगर रिजर्व बीजापुर के 93 नालों में एक लाख 80 हजार 847 तथा अचानक मार्ग टायगर रिजर्व लोरमी के 52 नालों में एक लाख से अधिक संरचनाओं का निर्माण हो रहा है। इसके अलावा एलीफेंट रिजर्व सरगुजा के 64 नालों में एक लाख 23 हजार 580 तथा अनुसंधान एवं विस्तार जगदलपुर के अंतर्गत 33 नालों में 63 हजार से अधिक संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है।

आदर्श छात्रावास में भ्रष्टाचार! स्टीमेट को दरकिनार कर ठेकेदार ने की मनमानी

सुकमा/नवप्रदेश। आदर्श छात्रावास में ठेकेदार ने प्रशासनिक संरक्षण में जमकर मनमानी की। निविदा शर्तो को दरकिनार कर ठेकेदार ने मनमानी तरीके से निर्माण कार्य किया। वहीं जिला प्रशासन इस पूरे मामले में चुप्पी साध रखी है। इधर, छात्रावास में छात्र अव्यवस्थाओं के बीच रहने को मजबूर हैं। आदर्श मॉडल छात्रावास के भवन मरम्मत कार्य का जिम्मा ठेकेदार योगेश नाहटा को मिला था। जिसके द्वारा गुणवत्ताहीन कार्य कर जमकर भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया। भवन की हालत वर्तमान स्थिति में और भी खराब हो गई है। छात्रों ने बताया की पहले के मुकाबले अभी ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उखड़ी खिड़की व जालियों की वजह से आश्रम में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया हैं।

तकनीकी प्राक्कलन के विपरीत किया गया कार्य

बालक आश्रम झोपरा आदर्श मॉडल संस्था को विकसित करने के लिए ठेकेदार योगेश नाहटा जो तकनीकी प्राक्कलन दिया गया था। उसके द्वारा कार्य स्टीमेट के अनुरूप नहीं किया गया। प्रावधान के अनुसार ठेकेदार द्वारा 1:4:8 अनुपात में सीमेंट कांक्रीट का बेस वर्क के लिए 36208 रुपए 15 एमएम,12 एमएम, 6 एमएम के गिट्टी से प्लास्टर कार्य के लिए 22099 रुपए में शासकीय दर मूल्यांकित किया गया। इस भवन मरम्मत में नए दरवाजा, खिड़की, शटर कार्य, वेंटिलेशन में एलमुनियम सेक्शन, वाल फ्लोर टाइल्स,पेवर ब्लॉक का कार्य के लिए कुल 952535 रुपए में शासकीय दर तय किया गया तो वहीं छत में प्रोफाइल सीट लगाया जाना नियमित किया गया था। लेकिन ठेकेदार द्वारा शासकीय नियमों की अव्हेलना कर अनियमितता कर कार्य में लापरवाही तकनीकी प्रतिवेदन के विपरीत मरम्मत कार्य में घाटियां स्तर का सामान का इस्तेमाल किया गया।

भोजन कक्ष में फर्श उखड़ने लगे हैं, अब बच्चों को किचन हाल की बजाय बरामदा में बैठकर भोजन करना पड़ रहा हैं।

गुणवत्ताविहीन कार्य के बाद भी लाखों का भुगतान :

खराब मरम्मत कार्य को विभाग द्वारा ठेकेदार को 30-40 प्रतिशत का भुगतान कर दिया गया। नियमानुसार किसी भी निर्माण कार्य के भुगतान से पहले कार्य स्थल में किए गए कार्यों का ठीक तरह से निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन के बाद ही संबंधित को भुगतान किया जाना होता है। ऐसे में गुणवत्ताविहीन कार्य में विभाग द्वारा ठेकेदार योगेश नाहटा को किए भुगतान पर जिम्मेदार विभागीय अधिकारी सवालों के घेरे में हैं। विभागीय जिम्मेदारों की भवन मरम्मत कार्य में संलिप्तता संदिग्ध हैं।

अव्यवस्था के बीच छात्रावास में रहने को मजबूर छात्र, प्रशासन की चुप्पी समझ से परे

प्रशासन पर ठेकेदारी प्रथा हावी :

नवप्रदेश द्वारा प्राथमिकता से मामला को प्रकाश में लाने के बाद भाजयुमो जिलाध्यक्ष भीमा मरकाम ने मामले में जिला प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा की

नवप्रदेश लगातार

कलेक्टर विनीत नंदनवार के नाम अपने लेटर हेड में मेरे द्वारा 31 मार्च को ठेकेदार द्वारा कार्य में अनियमितता का लिखित शिकायत कर मामला संज्ञान में लाया गया था।

लेकिन जिला प्रशासन पर ठेकेदारी प्रथा इस कदर हावी है कि कलेक्टर द्वारा ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही के लिए कोई रुचि नहीं दिखाई गई। जिला प्रशासन कांग्रेस सरकार का कठपुतली बन बैठा है। जिला संचालन जिला प्रशासन का हैं, लेकिन इसकी बागडोर राज्य के आबकारी मंत्री कवासी लखमा के हाथों में हैं। जो की राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद से ही अपने हिसाब से प्रशासनिक अधिकारियों पर सत्ता का दवाब बनाकर मन मुताबिक जिला चलाने की कोशिश करते रहे हैं।

ठेकेदार के खिलाफ होगी कार्रवाई

इस मामले में जिला निर्माण समिति के नोडल अधिकारी अनिल राठौर ने कहा की नवप्रदेश की खबर को संज्ञान में लेकर मामले में तत्काल विभागीय जांच कर ठेकेदार के खिलाफ अंतिम 15 दिवस का समय दिया जाएगा। ऐसे में ठेकेदार द्वारा किसी प्रकार की लापरवाही पर ठेकेदार योगेश नाहटा के खिलाफ विभागीय कार्यवाही करते हुए ठेकेदार का टेंडर निरस्त कर जोनल के बचा काम करवाया जाएगा। साथ ही ठेकेदार को जिला निर्माण समिति से ब्लैकलिस्ट कर आगे कोई भी टेंडर नहीं दिया जाएगा। ठेकेदार द्वारा अगर अधूरा कार्य पूरा नहीं किया गया तो ठेकेदार का पेमेंट पूरी तरह रोक दिया जाएगा, साथ ही अन्य सभी कार्यों के एसडी व पीजी को भी ब्लॉक कर दिया जाएगा।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में शामिल हुए विधायक

चिरमिरी/नवप्रदेश। मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ. विनय जायसवाल अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में जिला प्रशासन कोरिया द्वारा आयोजित योग कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए। उन्होंने सभी के साथ मिलकर योग किया शरीर और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से दिनचर्या में योगासनों को शामिल करके लाभ प्राप्त किया जा सकता है। इस योगभ्यास में कलेक्टर, जिपं सीईओ, कांग्रेस जिला अध्यक्ष नजीर अजहर, वेदांती तिवारी, योगेश शुक्ला सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी सहित नगर के गणमान्य नागरिक शामिल थे।

एनएमडीसी में उत्साह से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

बचेली/नवप्रदेश। पर्यावरण के अनुकूल खनन करने वाली नवरत्न कंपनी एनएमडीसी लिमिटेड ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2022 के अवसर पर 21 जून को एनएमडीसी, बचेली के बैला क्लब में योग कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम भारत में मनाए जा रहे आज़ादी का अमृत महोत्सव का हिस्सा है जिसमें जीवन में योग का महत्व व योग आसनों से होने वाले लाभों पर प्रकाश डाला गया। प्रातः 8 बजे से 9 बजे तक किया गया जिसमें एनएमडीसी के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। एनएमडीसी, बचेली हमेशा से ही लोगों के स्वास्थ्य कल्याण के प्रति सजग व संकल्पित रही है। इसी

कड़ी में कर्मचारियों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने हेतु इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। मुख्य अतिथि पीके मजूमदार (मुख्य महाप्रबंधक) एनएमडीसी बीआईओएम बचेली थे। उनके अतिरिक्त बी. वेंकटेश्वरलु (मुख्य महाप्रबंधक, उत्पादन) तथा अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्य भी उपस्थित थे। योग अभ्यास सीखाने हेतु योग प्रशिक्षक राज शेखर मूर्ति (बीइएमएल कंपनी) को आमंत्रित किया गया था। सभी प्रतिभागी कार्यक्रम के दौरान काफी उत्साहित दिखे। उपस्थित लोगों ने योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के शरुआत में, सभी प्रतिभागियों को टी-शर्ट भी वितरित की गई जिसका उद्देश्य जागरूकता बढ़ाकर भागीदारियों को प्रोत्साहित करना था।

मुख्य अतिथि ने कहा कि इस योग दिवस के माध्यम से हम अपनी पारम्परिक योग प्रथाओं को फिर से जीवंत कर पा रहें हैं। उन्होंने योग को दैनिक जीवनचर्या में शामिल करने पर जोर दिया तथा योग से मिलने वाले मानसिक स्वास्थ्य के लाभ पर भी चर्चा की और आगे कहा कि शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से दुरुस्त रहने के लिए तथा कार्यस्थल, घर और समुदाय में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रखने के लिए सबको ऐसे कार्यकर्मों में उत्साहपूर्वक भाग लेना चाहिए।

अपराधियों की सूची बनाकर एसपी ने कार्रवाई के दिए निर्देश

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक ने थानेदारों की बैठक लेकर अपराधियों व निगरानी बदमाशों की सूची तैयार कर एवं जमीन संबंधी विवाद जैसे प्रकरणों में प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किये जाने के संबंध में निर्देश दिए हैं। थाना क्षेत्र के ऐसे बदमाश जो शारीरिक मारपीट, लड़ाई झगड़ा, दहशतगर्दी, रंगदरी एवं आम जगहों में भय एवं आतंक का वातावरण निर्मित करते है जिनके विरूद्ध थाना चौकी में शिकायत करने में आमजन डरते है। ऐसे बदमाश व्यक्तियों के विरूद्ध गुण्डा बदमाश की सूचीबद्ध करने तथा संपत्ति संबंधी अपराध में कई बार चालान कर निगरानी में नवीन हिस्ट्रीशीट तैयार करने एवं वृद्ध हिस्ट्रीशीटर जो 10-15 वर्षो से आपराधिक जीवन छोड़कर मुख्यधारा में जुड़ा हो ऐसे व्यक्तियों को निगरानी बदमाश की सूची से माफी बदमाश तथा ऐसे निगरानी बदमाश जो अन्यत्र निवासरत हो उनकी फाईल को स्थानांतरित करने एवं मृत निगरानी बदमाश के फाईल को नस्तीबद्ध करने की कार्यवाही करने कहा।

महिला का फर्जी आईडी बनाने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

मुंगेली/नवप्रदेश। सोशल मीडिया में महिला का फर्जी आईडी बनाकर परेशान करने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है।पीड़िता ने कोतवाली में शिकायत की थी कि आरोपी दीपक कुमार बघेल पिता ईतवारी राम बघेल 20 वर्ष निवासी विष्णुपुर थाना ठेलकाडीह जिला राजनांदगांव द्वारा सोशल मीडिया में उसका फर्जी आईडी बनाकर परेशान कर रहा है। पुलिस आरोपी के घर अन्य स्थानों पर पहुंचकर दबिश। आरोपी द्वारा लगातार अपना लोकेशन बदल रहा था। इस बीच आरोपी के विष्णुपुर में छुपकर रहने की सूचना मिली तो आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया।

अपनी दिनचर्या में योगाभ्यास को अनिवार्य रूप से शामिल करें : मंडावी

बीजापुर/नवप्रदेश। आठवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय योगाभ्यास बैडमिंटन हाल में आयोजित हुआ जिसके मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम मंडावी थे। वहीं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत छग महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर राज्य गीत गाकर किया गया। इस अवसर पर विधायक विक्रम मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, कलेक्टर राजेन्द्र कटारा, पुलिस अधीक्षक अंजनेय वाष्णैव, जिला

पंचायत सीईओ रविकुमार साहू,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज शुक्ला, एसडीएम हेमेन्द्र भूआर्य, डिप्टी कलेक्टर ओंकारेश्वर सिंह सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली छात्र-छात्राएं, गणमान्य नागरिकों ने उत्साह पूर्वक योगाभ्यास किया। मुख्य अतिथि विधायक विक्रम मंडावी ने योगाभ्यास के महत्व को बताते हुए कहा कि शारिरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करें। नियमित रूप से योगाभ्यास कई बीमारियों से बचाती है और लड़ने की क्षमता प्रदान करती है। इसलिए आज से सभी संकल्प लें और नियमित योग करें। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने कहा आज व्यस्तता भरी, भाग-दौड़ की जिंदगी में योग से शरीर में नई ऊर्जा एवं शक्ति का संचार होता है जिससे तन और मन स्वस्थ रहता है योग स्वयं करे और सभी को योग करने के लिए प्रेरित अवश्य करे।

सार्वजनिक जगहों में शराब पीने वालों पर पुलिस ने की कार्रवाई

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। जिले में विशेष अभियान के तहत की गई कार्यवाही में 31 प्रकरण में 31 व्यक्तियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर प्रकरण न्यायालय पेश किया गया। विशेष अभियान के तहत थाना जांजगीर में 2 प्रकरण, बलौदा 05, अकलतरा 1 पामगढ़ 2, शिवरीनारायण 4 बम्हनीडीह 1, सारागांव 1, बिर्रा 1, नगरदा 1, जैजैपुर 2, डभरा 1, चंद्रपुर 2, मुलमुला 2, नवागढ़ 3 एवं मालखरौदा में 3 इस प्रकार कुल 31 प्रकरण प्रकरणों में कार्यवाही की गई।

ग्राम छोटे मुरमा के माता मेला मंडई में शामिल हुए संसदीय सचिव जैन

जगदलपुर/नवप्रदेश। संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने ग्राम छोटे मुरमा माता मेला एवं मंडई में शामिल होकर परदेशिन माता एवं भैरम बाबा की विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ बस्तर के सुख शांति समृद्धि की कामना की। जैन ने उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बस्तर की आस्था के केंद्र माता गुड़ियों के जीर्णोद्धार एवं संरक्षण के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। इस हेतु मांग अनूरूप बस्तर आदिवासी क्षेत्र विकास प्राधिकरण के मद एवं जिला खनिज न्यास निधि से राशि स्वीकृत की जा रही है। आज माता के आशिर्वाद से बस्तर में वामपंथ हिंसा पर काबू पाकर पुनः विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा है । हमारी सरकार बनने के बाद से आदिम संस्कृति एवं मान्यताओं को संरक्षित करने का कार्य लगातार किया जा रहा है। माता के आशिर्वाद से आज बस्तर कोरोनावायरस संक्रमण जैसी महामारी से निजात पाने में सफल हो गया है पिछले दो वर्षो से कोरोनावायरस संक्रमण के कारण मेला मंडई का आयोजन वृहद स्तर पर नहीं हो पाया था।

युवाओं को कौशल प्रशिक्षण पंजीयन 30 जून तक

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। अनुसूचित जाति घटक योजना में विशेष केंद्रीय सहायता के तहत प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अधीन जिले के अंतर्गत अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्रामों के विशेष तौर पर गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले अनुसूचित जाति युवाओं को मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। इस हेतु अनुसूचित जाति हितग्राहियों को उनके रूचि अनुसार आवासीय एवं गैर आवासीय हेतु कोर्स (ब्यूटी पार्लर, सिलाई, डोमेस्टिक डाटा एन्ट्री आपरेटर, मोबाइल फोन हार्डवेयर, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फ्रंट ऑफिस रिसेपनिस्ट, मेडिकल नर्सिंग, कंप्यूटर पेरीफेरल एवं ऑफिस असिस्टेंट) में बैच तैयार कर जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज, जांजगीर प्रशिक्षण दिया जाना है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

8वां अंतरराष्ट्रीय योग...

मंडलों के अध्यक्षों के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तर पर मनाया गया। जिसमें लाखों लोगों ने हिस्सा लिया।

योग हमारे ब्रह्मांड...

आता है। प्राचीन भारत के ऋषि-मुनियों को उद्धृत करते हुए कहा, योग हमारे लिए शांति लाता है। योग से शांति केवल लोगों को नहीं मिलती, बल्कि योग समाज, राष्ट्र और विश्व के साथ ही पूरे ब्रह्मांड में शांति लाता है। पूरे ब्रह्मांड की शुरुआत हमारे अपने शरीर और आत्मा से होती है। ब्रह्मांड की शुरुआत हमसे ही होती है। योग शरीर की हर चीज के प्रति जागरूक बनाता है और जागरूकता का एक भाव पैदा करता है। मैसूर जैसे भारत के तमाम आध्यात्मिक केंद्रों ने योग-उर्जा को सदियों से पोषित किया है। आज यही योग उर्जा वैश्विक स्वास्थ्य को दिशा दे रही है। उन्होंने कहा, आज योग वैश्विक सहयोग का पारस्परिक आधार बन रहा है और मानव जाति को एक स्वस्थ जीवन का विश्वास दिला रहा है।

योग मनुष्य की शारीरिक, ...

योग मनुष्य की शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक ऊर्जा को बढ़ाता है। हम भी अपने जीवन में योग को जोड़े और रोग दूर भगाएं। योग सिर्फ कसरत नहीं है, बल्कि ये एक ऊर्जा के रूप में काम करता है। आप योग को अपनाकर पूरी उम्र सेहतमंद और बीमारियों से बचे रह सकते हैं। कोरोना काल में यह स्पष्ट हो गया है कि केवल धन-संपदा ही महत्वपूर्ण नही है, बल्कि स्वस्थ तन और स्वस्थ मन दोनों की आवश्यकता होती है। इसलिए तंदुरूस्त रहने के लिए नियमित योग बहुत जरूरी है। योग हमारी प्राचीन परंपरा है। यदि हम सब नियमित रूप से योग करें तो तन भी स्वस्थ रहेगा और मन भी स्वस्थ रहेगा।

राहुल से ईडी की...

कार्यकर्ता बैरिकेड तोड़कर आगे बढ़े तो पुलिस ने उन्हें घसीटकर हिरासत में ले लिया। दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय से ईडी कार्यालय की ओर प्रदर्शन करने जा रहे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पुलिस ने रोक लिया। मुख्यमंत्री सड़क पर बैठकर धरना देने लगे तो उन्हें वहां से उठाकर वापस भेज दिया गया। धरने के दौरान मीडिया से बातचीत में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार पर फोन टैपिंग का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा भाजपा छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार को अस्थिर करने की कोशिश कर रही है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अग्निपथ योजना से देश के युवा गुस्से में हैं। ये योजना देश के हित में नहीं है, इसे वापस लेना चाहिए। उन्होंने कहा, भाजपा चार साल बाद सेवानिवृत्त युवाओं को अपने कार्यालय में चौकीदार के रूप में रखना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की मंशा आरक्षण खत्म करने की है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, राहुल गांधी को परेशान किया जा रहा है।

राहुल का प्रधानमंत्री पर तंज

राहुल गांधी ने ईडी ऑफिस जाने से पहले प्रधानमंत्री को संबोधित करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा- आपके समय के साथ सुधार वाले फायदों के परिणाम देश की जनता हर दिन भुगत रही है। नोटबंदी, गलत जीएसटी, सीएए, रिकॉर्ड महंगाई, रिकॉर्ड बेरोजगारी, काले कृषि कानून और अब अग्निपथ से प्रहार। भाजपा का 'अच्छा' मतलब, देश के लिए घातक।

टीएस व मरकाम...

मरकाम, मंत्री अमरजीत भगत, विधायक शैलेश पाण्डेय, युवा कांग्रेस के सुबोध हरितवाल, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के चौलेश्वर चंद्राकर आदि को गिरफ्तार कर बसंत कुंज थाने में बिठा दिया गया।

नहीं बदलेगी रिक्रूटमेंट ...

डिसाइड करेगा कौन सेलेक्ट होगा। यह प्रक्रिया सेंट्रली होगी। हमको बेस्ट चाहिए क्योंकि देश की रक्षा का सवाल है। अग्निवीर अगर लड़ाई में शामिल होगा तो उसे परमवीर चक्र और ऐसे सम्मान मिलेंगे। उन्होंने कहा कि हम युवाओं से कहेंगे कि यह देश की भक्ति का चांस हाथ से न जाने दें। देशभक्ति या फौज में काम करना जज्बा है, नौकरी नहीं है। उन्होंने कहा कि दुनिया के किसी अन्य देश में भारत जितनी विविधता नहीं है। हमारे यहां 50 फीसदी युवा 25 साल से कम आयु के हैं। हमें इनमें से अधिक से अधिक लोगों को शामिल करना चाहिए।

सुरक्षाबलों ने चार...

के खेत में पड़ा मिला था।

कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने ट्वीट करके कहा, 'सब-इंस्पेक्टर फारूक मीर का हत्यारा जैश-ए-मोहम्मद का आतंकवादी माजिद नजीर पुलवामा मुठभेड़ में मारा गया है।'

इसके अलावा, उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के तुलीबल सोपोर बस्ती में एक और आतंकवादी को मार गिराया गया है। तुलीबल इलाके में आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान मुठभेड़ की शुरुआत हुई है। एक सुरक्षा अधिकारी ने कहा, 'जैसे ही सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम संदिग्ध स्थान की घेराबंदी करने पहुंची, आतंकवादियों ने गोलियां चलानी शुरू कर दी। इस पर सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की, तो मुठभेड़ शुरू हो गई। इस दौरान एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया।'

इथियोपिया में भयंकर...

ओरोमिया में हुए हमले को 'भयानक कृत्य' बताते हुए निंदा की है लेकिन हिंसा का कोई विवरण नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि निर्दोष नागरिकों पर हमले और अवैध और अनियमित ताकतों द्वारा आजीविका को नष्ट करना अस्वीकार्य है।

ओरोमो जातीय समूह राजनीतिक हाशिए पर?

ओरोमिया, इथियोपिया के सबसे बड़े जातीय समूह, ओरोमो के साथ-साथ अन्य जातीय समूहों के सदस्यों के साथ राजनीतिक हाशिए पर है और केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे उपेक्षाओं के कारण अस्थिरता से टूट गया है। अबी ओरोमो और इथियोपिया के पहले पीएम हैं। हालांकि कुछ ओरोमोस का मानना है कि उन्होंने समुदाय के हितों को छोड़ दिया है।

ओरोमो लिबरेशन आर्मी को दोषी ठहराया गया

घटना ओरोमिया के पश्चिमी वोलेगा के गिंबी क्षेत्र में हुई। एक निवासी ने बताया कि 260 लोग मारे गए थे, जबकि दूसरे ने कहा कि 320 लोग थे। नागरिकों ने अपनी सुरक्षा के मद्देनजर अपना नाम बताने से इनकार कर दिया। ओरोमिया क्षेत्रीय सरकार ने एक बयान में ओरोमो लिबरेशन आर्मी को दोषी ठहराया गया है।

ओरोमो लिबरेशन आर्मी के बारे में जानिए

ओरोमो लिबरेशन आर्मी, ओरोमो लिबरेशन फ्रंट का एक प्रतिबंधित समूह है जो कि पूर्व में भी प्रतिबंधित रहा है। 2018 में अबी की सरकार बनने के बाद से ग्रुप को निर्वासन से मुक्ति मिली थी। पिछले साल टिगरे पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ने इथियोपिया के उत्तरी क्षेत्र में संघीय सरकार ने समूह के साथ गठबंधन किया। शनिवार को गिंबी में हुए हमले में टिगरे पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट के शामिल होने के कोई संकेत नहीं मिले हैं।

सांगली मास सूइसाइड...

अधिकारी ने कहा, 'हमने 25 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है जिनसे परिवार से धन उधार लिया था। परिवार को उन लोगों द्वारा परेशान किया जा रहा था,जिसके चलते उन्होंने यह कदम उठाया।''

उन्होंने कहा कि पुलिस ने इन 25 लोगों में से 13 लोगों को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार किया है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक 821/लो.क.वि./न.पा.नि./2022 — रायगढ़ दिनांक 20/06/2022

।। निविदा आमंत्रण सूचना ।।

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा लोक निर्माण विभाग द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत डी वर्ग एवं ऊपर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र ''अ'' में पी.डब्लू.डी. के सड़क/ भवन एस.ओ.आर. (प्रभावशील दिनांक 01.01.2015) कार्य हेतु प्रचलित दर अनुसूची पर वेबसाईट www.nagarnigamraigarh.com/ uad.cg.gov.in में निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर पूर्ण रूप से भरकर निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित प्रपत्र शुल्क डी.डी. के माध्यम से दिनांक 12.07.2022 को अपरान्ह 04.00 बजे तक स्पीड पोस्ट/ पंजीकृत डाक से मुहरबंद निविदाएं त्रि-लिफाफा पद्धति से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 12.07.22 को अपरान्ह 04.30 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी।

1. निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. 750.00 होगा तथा प्रत्येक कार्य के लिए पृथक-पृथक देय है।
2. स.क्र. 1 के लिए कार्य पूर्ण करने की समयावधि 06 माह व स.क्र. 2 के लिए 04 माह एवं क्र. 3 से 5 तक 03 माह है।
3. सभी कार्य एक साथ प्रारंभ किए जायेंगे। अतः उपलब्ध संसाधन के आधार पर उतने ग्रुप में भाग लिया जावें।
4. कार्य का लागत मूल्य रु. लाख में तथा अमानत राशि रुपए में है एवं कार्य का अन्य विवरण एवं नियम शर्तें कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में देखा जा सकता है।

क्र.	कार्य का नाम	कार्य की लागत/ अमानत राशि
1	महापौर निधि से वार्ड क्र. 29 आर.के. नर्सरी के पास सी.सी. सड़क व पुलिया निर्माण कार्य (द्वितीय निविदा)	19.27 14,500.00
2	केली नदी समलाई घाट (शनि मंदिर) के पास आसीसी रिटेनिंग वाल निर्माण कार्य।	10.93 8,200.00
3	महापौर निधि से वार्ड क्र. 42 अमलीभौना मुक्तिधाम में शेड निर्माण कार्य।	4.00 4,000..00
4	महापैर निधि से वार्ड क्र. 21 में पिंकी बुटानी घर से नीलकंठ मंदिर तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य।	4.77 4,800.00
5	महापौर निधि से वार्ड क्र. 47 में बुद्धेश्वर घर से सुकदेव घर तक नाली निर्माण कार्य।	4.72 4,800.00

नोट :- कार्य का अन्य विवरण एवं नियम शर्तें कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में देखा जा सकता है।

'' स्वच्छ पर्यावरण के लिए वृक्षारोपण करें एवं पालिथीन का प्रयोग न करें ''

कार्यपालन अभियंता
न.पा.नि. रायगढ़

निस्तार डिपो जांजगीर

कार्यालय वन मण्डलाधिकारी कटघोरा वनमण्डल कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

फोन/फैक्स नं. 97815-250157 Email-dfokatghora!gmail.com

नीलाम सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कटघोरा वनमण्डल के अंतर्गत कसनिया काष्ठागार में रखी गई निम्नानुसार ईमारती काष्ठ/जलाऊ चट्टा/व्यापारिक बांस/ औद्योगिक बांस का नीलाम, दिनांक 24.06.2022 को प्रातः 8.00 बजे से कसनिया काष्ठागार में अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा किया जाएगा -

विवरण

प्रजाति	पिछला नीलाम का शेष वनोपज		नया वनोपज		योग	
	लट्ठा घ.मी.	बल्ली/डेंगरी नग	लट्ठा घ.मी.	बल्ली/डेंगरी नग	लट्ठा घ.मी.	बल्ली/डेंगरी नग
सागौन	2.191	794	0.000	338	2.191	1132
साल	231.168	710	525.646	352	756.814	1062
बीजा	2.840	30	0.000	0	2.840	30
तिंसा	0.000	0	0.00	0	0.000	0
शीशम	0.000	0	0.000	0	0.000	0
खम्हार	0.000	0	0.000	0	0.000	0
हल्दू	0.160	0	0.000	0	0.160	0
साजा	21.921	164	17.165	30	39.086	194
धावड़ा	23.958	143	17.359	55	41.317	198
सलिहा	0.829	46	20.000	20	20.829	66
नीलगिरी	88.502	538	0.000	0	88.502	538
तेंदू	19.555	0	0.000	0	19.555	0
अन्य	80.617	763	82.403	271	163.020	1034
योग (काष्ठ):-	**471.741**	**3188**	**662.573**	**1066**	**1134.314**	**4245**
कसनिया काष्ठागार में रखे गए जलाऊ काष्ठ						
सागौन जलाऊ	0	चट्टा	0	चट्टा	0	चट्टा
सतकठा जलाऊ	342	चट्टा	352	चट्टा	694	चट्टा
कर्रा जलाऊ	0	चट्टा	18	चट्टा	18	चट्टा
सलिहा जलाऊ	5	चट्टा	0	चट्टा	5	चट्टा
योग (जलाऊ):-	**347**	**चट्टा**	**370**	**चट्टा**	**717**	**चट्टा**
निस्तार डिपो पाती						
सतकठा जलाऊ	0	चट्टा	0	चट्टा	0	चट्टा
योग (जलाऊ) :-	**0**	**चट्टा**	**0**	**चट्टा**	**0**	**चट्टा**
निस्तार डिपो बारद्वार						
सतकठा जलाऊ	0	चट्टा	0	चट्टा	0	चट्टा
योग (जलाऊ):-	**0**	**चट्टा**	**0**	**चट्टा**	**0**	**चट्टा**
निस्तार डिपो जांजगीर						
सतकठा जलाऊ	122	चट्टा	0	चट्टा	122	चट्टा
योग (जलाऊ):-	**122**	**चट्टा**	**0.0**	**चट्टा**	**122**	**चट्टा**
निस्तार डिपो सक्ती						
सतकठा जलाऊ	284	चट्टा	0	चट्टा	284	चट्टा
योग (जलाऊ):-	**284**	**चट्टा**	**0**	**चट्टा**	**284**	**चट्टा**
निस्तार डिपो अकलतरा						
सागौन जलाऊ सतकठा जलाऊ	4.5 17	चट्टा चट्टा	0.0 0	चट्टा चट्टा	4.5 17	चट्टा चट्टा
योग (जलाऊ):-	**21.5**	**चट्टा**	**0.0**	**चट्टा**	**21.5**	**चट्टा**
कसनिया काष्ठागार में रखे गए बांस						
व्यापारिक बांस औद्योगिक बांस (बंडल)	0 0.000 4765 39.978	नग नो.टन बण्डल नो.टन	0 0.000 0 0.000	नग नो.टन बण्डल नो.टन	0 0.000 बण्डल 39.978	नग नो.टन 4765 नो.टन
योग (बांस):-	**39.978**	**नो.टन**	**0.000**	**नो.टन**	**39.978**	**नो.टन**

जांजगीर चांपा वनमण्डल के विभिन्न डिपो में रखे गए वनोपज के नीलाम हेतु प्रस्तावित मात्रा की जानकारी

प्रजाति	पिछला नीलाम की शेष वनोपज		नया वनोपज		योग	
	लट्ठा घ.मी.	बल्ली/डेंगरी नग	लट्ठा घ.मी.	बल्ली/डेंगरी नग	लट्ठा घ.मी.	बल्ली/डेंगरी नग
निस्तार डिपो बलौदा (मिश्रित)	4.860	0	0.000	0	4.860	0
निस्तार डिपो बाराद्वार(मिश्रित)	44.261	0	0.000	0	44.261	0
निस्तार डिपो पंतोरा (मिश्रित)	4.363	21	0.000	0	4.363	21
कुरदा	4.861	400	0.000	0	4.861	400
जांजगीर (मिश्रित)	12.798	0	0.000	0	12.798	0
निस्तार डिपो सक्ती (सागौन)	1.254	34	0.000	0	1.254	34
निस्तार डिपो सक्ती (मिश्रित)	32.280	0	0.000	0	32.280	0
निस्तार डिपो अकलतरा (सागौन)	0.336	1400	0.000	0	0.336	1400
निस्तार डिपो अकलतरा (मिश्रित)	0.660	76	0.000	0	0.660	76
योग (काष्ठ) :-	**105.673**	**1931**	**0.000**	**0**	**105.673**	**1931**

अतः इच्छुक व्यापारियों से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लेवें। नीलाम की शर्तें व अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस में वनमण्डल कार्यालय व काष्ठागार से प्राप्त की जा सकती है। बोली बोलने के पूर्व लाटों का भलीभांति निरीक्षण कर लेवें बाद में मात्राओं आदि के ब्यौरे गलत पाए जाने पर मुआवजे या किसी अन्य राहत के लिए दावा मान्य नहीं होगा।

टीप :- 1. क्रेता को ई.एम.डी. के साथ पेन नंबर एवं रजिस्ट्रेशन वर्ष 2021 एवं जी.एस.टी. नंबर की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
2. सभी राष्ट्रीयकृत बैंक का मल्टीसिटी चेक अथवा ड्राफ्ट ही स्वीकार किए जाएंगे। अन्य बैंकों के मल्टीसिटी चेक स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

जी-92262/6

वन मण्डलाधिकारी
कटघोरा वनमण्डल कटघोरा

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

देश भर में आयोजित हुए योग शिविर, राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री से लेकर आम जनमानस ने लगाए आसन

योग मानवता को भारत का उपहार: राष्ट्रपति कोविंद

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि योग मानवता को भारत का उपहार है और यह स्वास्थ्य व कुशलक्षेम के लिए एक समग्र दृष्टिकोण है, जो तन, मन तथा आत्मा को संतुलित करता है। उन्होंने सभी से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और इसके लाभ का अनुभव करने के लिए भी कहा। राष्ट्रपति भवन ने अन्य लोगों के साथ योगाभ्यास करते हुए राष्ट्रपति की तस्वीरें भी ट्विटर पर साझा की।

केजरीवाल ने सैकड़ों दिल्लीवासियों के साथ किया योगाभ्यास

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने योग दिवस के अवसर पर त्यागराज स्टेडियम में सैकड़ों लोगों के साथ योगाभ्यास किया। उन्होंने लोगों से हर दिन योग और प्राणायाम करने का संकल्प करने की अपील की। केजरीवाल ने इस कार्यक्रम में दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और 'दिल्ली की योगशाला' के सदस्यों के साथ हिस्सा लिया। उन्होंने सिलसिलेवार ट्वीट कर बताया कि दिल्ली सरकार ने मुफ्त योग कक्षाओं की व्यवस्था की है, साथ ही लोगों से स्वस्थ जीवन जीने के लिए योगाभ्यास करने का आग्रह किया। दिल्ली सरकार 'दिल्ली की योगशाला' कार्यक्रम के तहत योग करने को इच्छुक 20-25 लोगों के समूहों को एक प्रशिक्षक मुहैया कराती है।

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है। इस अवसर में दुनिया भर में योग शिविरों का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आठवें योग दिवस पर देश व दुनिया के लोगों को बधाई दी और कहा कि योग समाज, राष्ट्र और विश्व के साथ ही पूरे ब्रह्मांड में शांति लाता है। ऐतिहासिक मैसुरु पैलेस परिसर में इस वर्ष आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने यह बात कही। इसके बाद उन्होंने यहां उपस्थित हजारों लोगों के साथ योगाभ्यास भी किया।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत 2015 में हुई थी। हर वर्ष 21 जून को दुनिया भर में इसे मनाया जाता है। इस वर्ष के योग दिवस का विषय मानवता के लिए योग है। पीएम मोदी ने कहा, ''पूरे ब्रह्मांड की शुरुआत हमारे अपने शरीर और आत्मा से होती है। ब्रह्मांड की शुरुआत हमसे ही होती है। योग शरीर की हर चीज के प्रति जागरूक बनाता है और जागरूकता का एक भाव पैदा करता है। योग हमारे लिए शांति लाता है। योग से शांति केवल लोगों को नहीं मिलती, योग हमारे समाज में भी शांति लाता है। योग हमारे राष्ट्रों और विश्व में शांति लाता है और योग हमारे ब्रह्मांड में शांति लाता है।÷

हिमवीरों ने 16,000 फीट की ऊंचाई पर किया योग

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के जवानों ने लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश सहित भारत-चीन सीमाओं पर विभिन्न उच्च ऊंचाई वाले हिमालय पर्वतों पर योग किया। ढ्ढ्ढक्क के हिमवीरों ने 16,000 फीट की ऊंचाई पर योग अभ्यास किया। असम में 33 बटालियन आईटीबीपी के जवानों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर गुवाहाटी में योग अभ्यास किया। सिक्किम में आईटीबीपी के जवानों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग अभ्यास किया।

योग का विचार अब दुनिया भर में पहुंचा: हरदीप पुरी

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि हमारी 5000 साल पुरानी सभ्यता है। योग का विचार अब दुनिया भर में पहुंच गया है। ये जीवन का उत्सव है। हमने यहां 12,000 लोगों के लिए योग कार्यक्रम का आयोजन किया। ये अनुभव अद्वितीय था। वहीं, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने परमार्थ निकेतन में योगाभ्यास कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

सीएम जयराम ठाकुर ने रिज मैदान में किया योग

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने शिमला में 8वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रिज मैदान में योग कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मैं सभी प्रदेश वासियों को बधाई देता हूं। हमारे लिए ये सौभाग्य की बात है कि हमारे ऋषियों ने योग के माध्यम से भारत की संस्कृति को विश्व भर में पहुंचाने के लिए बहुत बड़ा योगदान दिया है।

एस जयशंकर बोले- दुनिया को जोड़ रहा योग

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, 'योग दुनिया को जोड़ती है। जो लोग योग करते हैं, उनके मन में शांति की भावना होती है। यहां योग करने के लिए कूटनीति से जुड़े हुए लोग और विश्वविद्यालयों से छात्र आए हैं। यह बहुत खुशी की बात है। यह शांति के पक्ष में एक भावना है, जिसे हम प्रकट कर रहे हैं।'

अग्निपथ योजना से भाजपा तैयार करना चाहती है अपनी सेना, बोलीं ममता बनर्जी

कोलकाता। अग्निपथ योजना को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया है कि इस योजना के तहत भाजपा अपनी सशस्त्र सेना तैयार कर रही है। टीएमसी चीफ ने कहा, ये अग्निवीर चार साल के बाद क्या करेंगे? भाजपा युवाओं के हाथ में हथियार थमाना चाहती है। ममता बनर्जी ने भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय के बयान पर पलटवार किया। विजयवर्गीय ने कहा था कि भाजपा कार्यालयों की सुरक्षा की जिम्मेदारी देते वक्त अग्निवीरों को प्राथमिकता दी जाएगी। ममता बनर्जी ने पूछा है कि क्या भाजपा अग्निवीरों को अपने कार्यालयों में वॉचमैन बनाने की तैयारी कर रही है। इससे पहले जनता दल सेक्युलर के नेता एचडी कुमारस्वामी ने भी अग्निपथ योजना को आरएसएस का प्लान बता दिया था। उन्होंने कहा था कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक इस बात की तैयारी कर रहा है कि अग्निपथ योजना से निकलने वाले 10 लाख लोगों में से 75 फीसदी को वे पूरे देश में फैला देंगे। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा था कि अग्निपथ योजना आरएसएस का अजेंडा है। वे सेना पर नियंत्रण करना चाहते हैं। एचडी कुमारस्वामी ने कहा था कि सेना के आंदर और बाहर दोनों आरएसएस के लोग रहेंगे। इसपर भाजपा ने पलटवार करते हुए इस बयान को सेना का अपमान बताया था। बता दें कि अग्निपथ योजना के इतने विरोध के बावजूद केंद्र ने सफा कर दिया है कि इसे वापस नहीं लिया जाएगा। रक्षा मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव लेफ्टिनेंट जनरल अनिल पुरी ने कहा कि यह एक प्रगतिवादी कदम है और इसके जरिए युवाओं की फौज तैयार की जाएगी। यह देश की रक्षा का सवाल है। अग्निपथ की भर्ती का पहला नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है।

केरल से कश्मीर तक योग दिवस की धूम

नई दिल्ली। आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मौके पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कल वह कर्नाटक पहुंचे। आज उन्होंने 15 हजार लोगों के साथ योग किया। पीएम मोदी प्रतिष्ठित लिंगायत समुदाय के गुरुकुल सुत्तूर मठ भी जाएंगे। राज्यपाल थावरचंद गहलोत, मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, वरिष्ठ भाजपा नेता बी एस येदियुरप्पा और पार्टी की प्रदेश ईकाई के प्रमुख नलिन कुमार कतील ने यहां येलहांका वायुसेना अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी की अगवानी की थी।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस : लद्दाख से सिक्किम तक, आईटीबीपी के हिमवीरों ने किया योग

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत सहित पूरी दुनिया में अलग-अलग स्थानों पर लोग योग कर रहे हैं। पीएम मोदी मैसूर में तो वहीं हरिद्वार स्थित पंतजलि योगपीठ में योग गुरु बाबा रामदेव योग कर रहे हैं। इसी बीच आईटीबीपी के जवानों ने देश के दुर्गम हिस्सों में योग किया। आईटीबीपी के हिमवीरों की शानदार तस्वीरें देश के अलग-अलग हिस्सों से आई हैं। दरअसल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के हिमवीर आठवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सिक्किम स्थित 17 हजार फीट बर्फ की स्थिति में योग का अभ्यास करते नजर आए। वहीं ये हिमवीर उत्तराखंड में भी 16 हजार फीट की ऊंचाई पर योग का अभ्यास करते नजर आए। इसके अलावा उन्होंने हिमाचल प्रदेश में 16500 फीट की ऊंचाई पर भी योग का अभ्यास किया।

लद्दाख में भी 17 हजार फीट की ऊंचाई पर भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के हिमवीरों ने योग किया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने देश के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि योग निरोग जीवन को विश्वास दे रहा है और घर-घर में योग का प्रसार हो रहा है। साथ ही बोले योग वैश्विक पर्व बन गया है। बता दें कि कोरोना महामारी के चलते साल 2020 और 2021 में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस सार्वजनिक तौर पर नहीं मनाया गया था।

सोनी इंडिया ने घोषणा की तीन स्टैंडआउट वाइड-एंगल ई-माउंट एपीएस -सी लेंस

नई दिल्ली। पावर जूम जी लेंस ई पीजेड 10-20द्दद्द एफ4 जी बहुमुखी जी लेंस ई 15एमएम एफ1.4 जी और अल्ट्रा-वाइड प्राइम ई 11एमएम एफ1.8 के साथ अब सोनी ने अपनी लेंस लाइन का विस्तार किया है, जिससे ई-माउंट लेंस की कुल संख्या 70 हो गई है। यह पहला नया लेंस, ई पीजेड 10-20mm एफ4 जी दुनिया का सबसे छोटा और सबसे हल्का, अल्ट्रा-वाइड एंगल कॉन्स्टेंट एफ4 एपीएस -सी पावर-जूम लेंस है। असाधारण जी लेंस इमेजरी, त्रुटिहीन ऑटोफोकस (एएफ) प्रदर्शन, और बहुमुखी पावर-जूम एक साथ इस कॉम्पैक्ट जूम लेंस को फिल्मों के साथ चित्रों के लिए भी रिफाइंड दृश्य अभिव्यक्ति और संचालन क्षमता प्रदान करता है। यह ई 15एमएम एफ1.4 जी (35mm फुल-फ्रेम के समानः 22.5 mm) विशाल रचनात्मक क्षमता वाले बहुमुखी एपीएस -सी लेंस में सुंदर एफ1.4 बोकेह के साथ शानदार जी लेंस रिज़ॉल्यूशन होता है।

उद्धव ठाकरे की बैठक में पहुंचे सिर्फ 20 विधायक

35 के गायब होने से बढ़ी चिंता; भाजपा के दावे ने बढ़ाया डर

मुंबई। एकनाथ शिंदे की बगावत और करीब दो दर्जन विधायकों के सूरत में डेरा जमाने के चलते शिवसेना और महाराष्ट्र सरकार बड़े संकट में आ गई है। उद्धव ठाकरे ने इस मसले पर बात करने के लिए आज दोपहर मीटिंग बुलाई थी, लेकिन इसमें करीब 20 विधायक ही शामिल हुए। ऐसे में उद्धव ठाकरे सरकार को लेकर चिंता बढ़ गई है। शिवसेना के कुल 55 विधायक हैं और यदि पार्टी से 27 अलग हो जाते हैं तो फिर उन पर दल-बदल का कानून लागू नहीं होगा। ऐसे में उद्धव ठाकरे की मीटिंग से 35 विधायकों का दूर रहना बड़े संकेत दे रहा है। हालांकि शिवसेना अब डैमेज कंट्रोल में जुटी है। एक तरफ एकनाथ शिंदे को उसने विधायक दल के नेता के पद से हटाकर अजय चौधरी को यह कमान सौंपी है। वहीं कुछ देर में शक्ति प्रदर्शन की भी बात कही है।

बयान ने बढ़ाया सस्पेंस, पाटिल बोले- कुछ भी हो सकता है

इसके साथ ही चंद्रकांत पाटिल ने कहा कि राजनीति में किसी भी वक्त कुछ भी हो सकता है। उद्धव ठाकरे की मीटिंग में शिवसेना के ही 35 विधायकों के न पहुंचने से भाजपा नेता का दावा मजबूत दिखता है। गौरतलब है कि महाराष्ट्र विधानसभा में भाजपा के 106 विधायक हैं और उसे 13 अन्य निर्दलीय नेताओं का समर्थन हासिल है। ऐसे में यदि उसे 26 शिवसेना विधायक सपोर्ट करते हैं तो फिर वह सरकार बनाने के जादुई आंकड़े तक पहुंच सकती है।

भाजपा ताकत आंक रही, पर उतावली नहीं दिखना चाहती

हालांकि इस दौरान चंद्रकांत पाटिल ने यह भी संकेत कर दिया कि भाजपा इस बार उतावली नहीं दिखना चाहती। उन्होंने कहा कि फिलहाल अविश्वास प्रस्ताव के लिए स्पेशल सेशन बुलाने की स्थिति पैदा नहीं हुई है। 18 जुलाई से सदन का मॉनसून सेशन शुरू हो रहा है। हम उस दौरान इस पर बात करेंगे। यही नहीं भाजपा की ओर से सरकार बनाने के दावे पर पाटिल ने कहा, 'अभी तो कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा। हम फिलहाल हालात पर नजर बनाए हुए हैं। न ही एकनाथ शिंदे ने हमें कोई प्रस्ताव भेजा है और न भाजपा की ओर से उन्हें कुछ ऑफर किया गया है।'

मिट्टी बचाओ अभियान

सद्गुरु जग्गी वासुदेव का एक आध्यात्मिक और जरूरी आंदोलन

नई दिल्ली। ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु जग्गी वासुदेव की मुहिम मिट्टी बचाओ अभियान में देश और दुनिया के लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। मिट्टी बचाओ, मिट्टी और धरती को बचाने के लिए एक वैश्विक जागरुकता अभियान। इस अभियान का उद्देश्य दुनिया भर में 3.5 अरब से अधिक लोगों के समर्थन के साथ सरकारों को नीतिगत स्तर पर निर्णय लेने के लिए प्रेरित करना है। इस बारे में सद्गुरु जग्गी वासुदेव ने खुद लोगों को जागरूक कर रहे हैं।

सद्गुरु का लोगों के नाम संदेश: दरअसल, अभियान के बीच अपने एक संदेश में सद्गुरु जग्गी वासुदेव का कहना है कि मैं इस ग्रह पर पैंसठ सालों से हूं। लोग मुझे योगी बताते हैं। लेकिन एक योगी का मतलब है कि आपने होशपूर्वक किया है, अपने व्यक्तित्व की सीमाओं को मिटा दिया। अब इसलिए मैं अपने जीवन और मेरे जीवन को प्रभावित करने वाली हर चीज को जानता हूं। लोग स्वाभाविक रूप से कहेंगे, ठीक है, हर कोई इस ग्रह पर रह चुका है। जो जीवन का समर्थन करता है और जो जीवन का समर्थन नहीं करता वह हमेशा दिखाई देता है. अगर मैं सिर्फ जमीन पर चलता हूं, तो मुझे पता है कि वहां क्या हो रहा है।

'मिट्टी एक सजीव प्रणाली है': उन्होंने कहा कि जो यहां हो रहा है उसे देखकर काफी दुख हुआ है। हम मिट्टी को एक अक्रिय पदार्थ मान रहे हैं। जबकि यह एक सजीव प्रणाली है, सबसे बड़ी जीविका प्रणाली जिसे हम इस ब्रह्मांड में जानते हैं। हर साल औसतन 27 हजार प्रजातियां मिट्टी के आवास में विलुप्त हो रही हैं क्योंकि लोग ऊंची एड़ी का जीवन जी रहे हैं। जब मैं ऊंची एड़ी वाला जीवन कहता हूं, तो मैं महिलाओं के फैशन के बारे में बात नहीं कर रहा। मैं इस बारे में बात कर रहा हूं कि लोग सब कुछ कैसे कर रहे हैं।

शिवसेना विधायक की पत्नी ने गुमशुदगी की दर्ज कराई शिकायत, पति की जान को खतरा भी बताया

मुंबई । महाराष्ट्र में आज हाई पॉलिटिकल ड्रामा देखने को मिल रहा है। महाविकास अघाडी सरकार में मंत्री और शिवसेना के टॉप नेता एकनाथ शिंदे सूरत के मेरिडियन होटल में पार्टी के 21 अन्य विधायकों के साथ ठहरे हुए हैं। इस बीच शिवसेना विधायक नितिन देशमुख की पत्नी ने स्थानीय पुलिस स्टेशन गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने उनकी जान को खतरा होने का अंदेशा जताया है। विधायक

नितिन देशमुख महाराष्ट्र में बालापुर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं और उन विधायकों में से एक हैं जो शिंदे के साथ गुजरात के सूरत में हैं।

देशमुख की पत्नी प्रांजलि ने अकोला पुलिस थाने में लिखित शिकायत दर्ज कर कहा कि उन्होंने अपने पति से आखिरी बार 20 जून की शाम 7 बजे फोन पर बात की थी और तब से उनका फोन बंद है, ऐसे में वह उनसे बात नहीं कर पा रही हैं। प्रांजलि ने कहा कि उन्हें संदेह है कि देशमुख की जान को खतरा है। देशमुख को कथित तौर पर अस्वस्थ होने की शिकायत के बाद सूरत के एक अस्पताल में ले जाया गया था।

दिल्ली में संपत्ति खरीदना होगा महंगा, सर्कल रेट पर दी जा रही 20 फीसदी छूट होगी खत्म

नई दिल्ली। दिल्ली की केजरीवाल सरकार संपत्तियों के सर्कल रेट पर दी जा रही 20 फीसदी छूट को अब और आगे नहीं बढ़ाएगी। इससे संपत्ति की खरीद से लेकर पंजीकरण तक पर ज्यादा पैसा खर्च करना होगा।

सरकार ने कोरोना महामारी के कारण अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए एक अप्रैल 2021 से 30 सितंबर 2021 तक छूट की घोषणा की थी। यह छूट सभी संपत्ति श्रेणी यानी आवासीय, वाणिज्यिक और औद्योगिक तीनों वर्गों में दी गई थी। उसे फिर 31 दिसंबर 2021 तक के लिए बढ़ा दिया गया था। सरकार ने लोगों को राहत जारी रखने के लिए जनवरी 2022 से फिर दूसरी बार 30 जून 2022 तक के लिए इसे बढ़ाया था। पटरी पर लौट रही अर्थव्यवस्थाः सरकार का मानना है कि सर्कल रेट जारी रखने के फैसले से संपत्ति बाजार में लंबे समय से जारी आर्थिक सुस्ती को खत्म करने में मदद मिलेगी।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, कोरोना के बाद अर्थव्यवस्था पटरी पर लौट रही है। दिल्ली समेत आसपास के इलाकों में संपत्तियों के दाम बढ़े हैं, जिसके कारण सरकार के लिए 30 जून के बाद छूट देना संभव नहीं होगा। दिल्ली में संपत्तियों को आठ श्रेणियों में बांटकर उसका सर्कल रेट तय किया गया है।

पाक के साथ सामान्य रिश्ते चाहते हैं लेकिन अपनी शर्त पर : एनएसए अजीत डोभाल ने दी चेतावनी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि भारत पड़ोसी देश के साथ सामान्य रिश्ते चाहता है लेकिन 'आतंकवाद किसी तरह से बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।' मंगलवार को समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में डोभाल ने कहा कि 2019 के बाद कश्मीर में मूड बदल गया है। उन्होंने 2019 के पुलवामा हमले की ओर इशारा करते हुए कहा कि कश्मीर में काफी कुछ बदल चुका है। पुलवामा आतंकी हमले में सीआरपीएफ के काफिले को पाकिस्तान से जुड़े एक आत्मघाती हमलावर द्वारा निशाना बनाए जाने के बाद 40 से अधिक भारतीय सैनिकों की मौत हो गई थी। आतंकी पाक स्थित जैश-ए-मोहम्मद आतंकी समूह से जुड़ा था।

उन्होंने कहा, 2019 के बाद कश्मीर के लोगों का मूड और मिजाज पूरी तरह से बदल गया है। लोग अब पाकिस्तान और आतंकवाद के पक्ष में नहीं हैं। अब बंद के आह्वान नहीं होते हैं... शुक्रवार की हड़तालें खत्म हैं... यह सब बंद हो चुका है। कुछ युवा लड़के गुमराह हो रहे हैं। लेकिन हम उन्हें मनाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं... कुछ आतंकी संगठन हैं लेकिन हम उनसे पूरे संकल्प के साथ लड़ रहे हैं। पाक के साथ संबंधों पर उन्होंने कहाः ÷हम सामान्य संबंध चाहते हैं लेकिन आतंकवाद के लिए सहिष्णुता की सीमा बहुत कम है। ऐसा नहीं हो सकता कि जब हमारा विरोधी चाहे तो शांति और जब वो चाहे तो युद्ध हो ... हम तय करेंगे कि कब, किसके साथ और किन शर्तों पर क्या करना है।

घाटी में पिछले दिनों कश्मीरी पंडितों और गैर-स्थानीय लोगों की टारगेट किलिंग के सवाल पर डोभाल ने कहा कि सरकार ने अतीत में कदम उठाए हैं, और निश्चित रूप से भविष्य में कमजोर वर्गों की रक्षा के लिए और अधिक कदम उठाएगी। उन्होंने कहा, ÷सबसे अच्छी बात यह है कि आतंकवादियों के खिलाफ आक्रामक मोड पर जाना और सुनिश्चित करना कि उनका हिसाब-किताब हो।

अजीत डोभाल ने चीन के साथ सीमा गतिरोध पर भी टिप्पणी करते हुए कहा, ÷चीन के साथ हमारा लंबे समय से लंबित क्षेत्रीय विवाद है। हमने अपने इरादे बहुत स्पष्ट कर दिए हैं। वे इस तथ्य से अवगत हैं कि हम किसी भी तरह का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं करें।÷ एनएसए ने सरकार की नई सशस्त्र बलों की भर्ती योजना 'अग्निपथ' के विरोध पर भी बात करते हुए कहा कि हिंसक और व्यापक विरोध के बावजूद इसे वापस नहीं लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सुरक्षित और मजबूत' भारत के दृष्टिकोण का हिस्सा है और यह आवश्यक है ताकि देश के सशस्त्र बल भविष्य के युद्धों और संघर्षों के लिए तैयार रहें।

पहली बारिश में जर्जर हुई सड़कें, खस्ताहाल सड़कों से आवागमन मुश्किल

■ बारिश में और बढ़ेगी दिक्कतें, नेताओं व प्रशासन से मरम्मत की मांग

मुंगेली/नवप्रदेश। पहली ही बारिश में जिला मुख्यालय समेत जिले की सड़कें जर्जर हो चुकी है। खस्ताहाल सड़कों में लोगों का आवागमन मुश्किल हो चुका है। लगातार बारिश होने के बाद लोगों को दिक्कतें बढ़ने वाली है। इसे ध्यान में रखते हुए अब शहरवासी स्थानीय नेताओं व जिला प्रशासन से इन सड़कों की मरम्मत करने की मांग कर रहे हैं। जिले में मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनाई गई अधिकांश सड़क मरम्मत नही होने के चलते जर्जर हो गई है। जिसके चलते लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। कई स्थान पर तो सड़क की हालत ऐसी है कि समझ में नहीं आता कि सड़क पर गड्ढे हैं या फिर गड्ढों में सड़क। ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने शासन-प्रशासन से सड़क की मरम्मत एवं नवीनीकरण कराये जाने की मांग की है। गांव को शहरों से जोड़ने के लिए जिले में बड़ी संख्या में मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत सड़कों का निर्माण किया गया है। सड़क बनने से लोगों को सुविधाएं तो मिली किंतु मरम्मत नहीं होने के चलते क्षेत्र के अधिकांश सड़कों की स्थिति खराब होते जा रही है।

ठेकेदार ने नहीं किया मेंटनेंस कार्य

जानकारी के मुताबिक, सड़क का ठेकेदार द्वारा एक बार भी मेंटनेस कार्य नहीं किया गया है। अब नागरिक इस सड़क की नवीनीकरण की मांग कर रहे हैं। ताकि आवागमन में नागरिकों और जिला अस्पताल जाने वाले मरीजों को सुविधा मिल सके। गारंटी अवधि में सड़क निर्माण के बाद मिट्टी सफाई, सोल्डर की मरम्मत, पाट ओल्ड की मरम्मत कार्य आवश्यकतानुसार कराई जाती है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद ठेकेदार सड़क की रिपेरिंग करना तो दूर कभी भी पीछे न मुड़कर दोबारा नहीं देखते, जिसका नतीजा आम जनता ग्रामीण, नागरिकों को भुगतना पड़ता है। संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को इस संदर्भ में अवगत कराने के बाद भी समस्या का निदान नहीं हो पाता। नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने शासन-प्रशासन से सड़को की मरम्मत किए जाने की मांग की है।

जिला अस्पताल मार्ग जर्जर

दाऊपारा नहर के किनारे से जिला अस्पताल जाने वाली मार्ग को तीन वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत निर्माण किया गया था। जो अब पूरी तरह जर्जर हो चुका है। स्थिति ऐसी हो गई है कि सड़क में गड्ढे है या गड्ढो में सड़क। डामर की परत निकल चुकी है। नागरिकों की माने तो सड़क निर्माण के कार्य प्रारंभ से ही गुणवत्ताहीन हुआ था। सड़क निर्माण के कुछ माह पश्चात ही डामर का परत उखड़ना शुरू हो गया था। वही समय रहते सड़क की देख रेख के अभाव में सड़क उखड़ कर जगह-जगह गड्ढे हो गए थे। सड़क जर्जर और बदहाल हो चुका है। सड़क की मरम्मत कार्य नहीं होने के कारण खराब होते जा रही है।

एक्सपायरी डेट के माल से भरी मिली मनीष एजेंसी

फूड सेफ्टी विभाग की छापेमार कार्रवाई जारी, तीन दुकानों में दी दबिश

कांकेर/नवप्रदेश। शहर के मुख्य बाजारों से हटकर गली-कूचों में खुली परचून की दुकानें खाने-पीने के सामान के नाम पर जहर बेचने पर उतारू हैं। एक्सपायरी डेट की सामग्री बेचने की शिकायत पर कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लगातार छापामार कार्रवाई जारी है। मंगलवार को खाद्य निरीक्षकों की टीम के साथ तीन दुकानों में छापा मारा तो स्थिति देखकर दंग रह गए। इस दुकान में ज्यादातर एक्सपायरी डेट का माल भरा पड़ा था। जिसमें बच्चों के खाने-पीने से लेकर अन्य वस्तुएं थी। एक्सपायरी डेट के माल को नष्ट कराया गया है। मंगलवार को कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देशानुसार एसडीएम धनंजय नेताम के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विमल सिंह व नमूना सहायक नंद किशोर हिरवानी एवं टीम द्वारा जिले के अंतिम छोर भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत कच्चे के किरान डेली निडस की दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान धीरज किराना स्टोर प्रो धीरज जायसवाल की दुकान से टोस्ट 43 पैकेट, खोपरा 3 किलो राइस ब्रान तेल 38 पैकेट, मैदा 17 पैकेट, बिस्किट 15 पैकेट साबूदाना 3 पैकेट, पापड़ 32 पैकेट चायपत्ती 11 पैकेट, आटा 5 किलो कुल 10079 रुपए, चालकी किराना प्रो सुनाऊ चालकी नमक 50 पैकेट, नूडल 38 पैकेट, 1900 रुपए इसके अलावा मां किराना प्रो. कांति हिडको के दुकान से घी 1 किग्रा, डेयरी मिल्क 128 नग 1388 रुपए स्थानीय व्यापारी मनीष एजेंसी नया बस स्टैंड कांकेर प्रो विवेक बुधवानी की दुकान से चाको प्ले 20 डिब्बे टेडी चाकलेट 15 डिब्बे, लेस चिप्स 200 पैकेट किड्स कैट 10 डिब्बे, स्नाकोन 12 डिब्बे एवम अन्य कीमत 8000 रुपए का चालानी कार्यवाही किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने सभी दुकानदारों से कुल 21368 रुपए के जब्त कर एक्सपायरी के संबंध में नोटिस दिया गया। जवाब उपरांत खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत नियमानुसार कार्यवाही किए जाने की बात कही गई है।

मनीष एजेंसी से बड़े पैमाने पर मिला एक्सप्यारी सामान

शहर के एजेंसी संचालक मनीष एंजेसी की दुकान पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने निरीक्षण किया तो बड़े पैमाने पर एक्सपायरी सामान पाया गया है। मनीष एंजेसी कांकेर में राजश्री गुटखा मसाला की एजेंसी लेकर बड़े पैमाने पर बिना बिल का माल सप्पलाई किए जाने की शिकायत पूर्व में मिल चुकी है। नया बस स्टैंड में अन्य कम्पनी के एजेंसी लेकर बिना ई वे बिल के माल लिए जाने की पहले शिकायत पर मनीष एजेंसी से राजश्री गुटखा पान मसाला की एजेंसी से हटा दिया गया था। मनीष एजेंसी की दुकान की सही जांच किए जाने से और भी खुलासे होने की उम्मीद जताई गई है। फूड सेफ्टी अफसर विमल कुमार सिंह ने कहा कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर कार्यवाही किया जा रहा है। एक्सपायरी सामान बेचने वालो पर आगे भी सख्ती से कार्यवाही किया जाएगा। ठोस कार्यवाही के लिए उच्च अधिकारियों से मार्ग दर्शन लेकर लायसेस निरस्त की कार्यवाही की जाएगी।

विधायक के प्रयासों से शिवनाथ नदी में तटबंध का निर्माण को मिली स्वीकृति

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा के प्रयासों से बेमेतरा विधानसभा को सिंचाई के क्षेत्र में एक और बड़ी सफलता मिली हैं। बेरला विकास खंड के ग्राम मंगलोर में तटबंध निर्माण की स्वीकृति जल संसाधन विभाग द्वारा दी गई है। स्वीकृत राशि 2 करोड़ 89 लाख 96 हजार रुपए है। इससे मंगलौर ग्राम में बहने वाली शिवनाथ नदी में तटबंध का निर्माण किया जाएगा, जिससे ग्रीष्म काल में भी मंगलोर तथा आसपास के ग्रामों के लिए पानी की समस्या का निदान होगा। किसानों को दूसरी फसल रबी फसल के लिए भी पानी मिल सकेगा। मंगलोर तटबंध के निर्माण से ग्राम में निकासी के लिए हमेशा पानी उपलब्ध हो सकेगा। विधायक अपने विधानसभा के ग्रामों को सिंचाई सुविधा से युक्त बनाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं जिसका नतीजा है कि बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में जल संसाधन एवं कृषि के क्षेत्र में निरंतर सफलताएं प्राप्त हो रही हैं।

स्वामी विवेकानंद कॉलेज को मिला सी ग्रेट, छात्रों को नेक की टीम ने किया सम्मानित

बोड़ला/नवप्रदेश। नेक की टीम स्वामी विवेकानंद कॉलेज बोड़ला पहुंची तो बच्चों में उत्साह का माहौल बन गया। जैसे ही टीम कालेज परिषद में पहुंची तो छात्रों ने स्वागत किया। छात्रों ने लोक नृत्य और वेशभूषा, कला का प्रदर्शन किया। हाल ही में आई और फिर निरीक्षण टीम द्वारा बोड़ला कॉलेज का ग्रेडिंग के लिए निरीक्षण किया गया जिसमें बोड़ला कॉलेज को ए ग्रेड एवं 1.85 अंक मिले। जो कुछ अंको से क्क ग्रेड मिलने से बोड़ला कालेज पिछड़ गया। बोड़ला कॉलेज को पहली बार ह्व्ष्ट ग्रेडिंग में शामिल किया गया है। कॉलेज जिसमें मुख्य रुप से कॉलेज के प्राचार्य आर के पाठक, राकेश गौतम, योगेश ध्रुव, सभी शिक्षकगण,विद्यार्थियों और जनभागीदारी समिति अध्यक्ष के साथ कीर्ति केशरवानी, यशवंत मनोज वर्मा, रूपेंद्र मानिकपुरी, पूरन दास मानिकपुरी ने कॉलेज के विकास में पूर्णता सहयोग दिया और उनकी मेहनत रंग लाई बच्चों द्वारा लगातार कॉलेज के विकास में सहयोग बना रहता है। नेक की टीम के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम दिया गया जिसमें छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बताया गया। टीम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की तारीफ की गई एवं बच्चों के साथ फोटो खिंचवा कर और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ बच्चों को सम्मान दिया गया।

डोंगरगढ़ विधायक भुनेश्वर बघेल पहुंचे दिल्ली

राजनांदगांव/नवप्रदेश। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा राजनैतिक द्वेष से कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्षा सोनिया गांधी व राहुल गांधी के खिलाफकी जा रही ईडी की कार्रवाई के विरोध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी आह्वान पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम, डोंगरगढ़ विधायक भुनेश्वर बघेल, संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद, ब्लॉक अध्यक्ष मुढ़ीपार कोमल साहू, घुमका ब्लॉक अध्यक्ष रतन यादव, डोंगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, राजनांदगांव जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू सहित अन्य कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आज दिल्ली रवाना हुए हैं।